रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 78,759.40 −2,222.55

डॉलर 84.018 +0.251

रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,720
01 किलो 91,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 06 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 185, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 'माइंड ट्रेनिंग की कमी' से हारे...

# मंईयां सम्मान योजना की तकनीकी समस्याओं का करें समाधान : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) की शुरूआत पर एक्स हैंडल पर पोस्ट कर झारखंड की बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरूआती परेशानी के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उन्होंने निर्देश दिया है तथा इस मामले को लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है। योजना को लेकर दिख रहे उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। सोरेन ने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है।



● योजना को ले दिख रहा उत्साह, राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश

योजना का लाभ लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसे और पांछ दिन बढ़ाने का निर्देश दिया है। विशेष कैम्प के आयोजन के बाद भी आप जब भी चाहें, अपनी सुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं। सोरेन ने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि वह सभी को बताना चाहते हैं कि इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उनपर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेगा। यही झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) का लक्ष्य है और उनका भी लक्ष्य है।

## स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत बनाने को उठाए जा रहे कदम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सकों, पारा कर्मी, संविदा पर कार्यरत कर्मी तथा अन्य कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने करने के लिए "उपस्थिति पोर्टल" का सोमवार को शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा दर्ज की जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा झारखंड राज्य के सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शेष पेज 11 पर



### प्राथमिक स्वास्थ्य का जिला अस्पतालों से संपर्क सिस्टम बनाएं

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों का जिला अस्पतालों से 24 घंटे संपर्क स्थापित करने की व्यवस्था बनाएं। ताकि, अगर कोई मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आता है और उसे बेहतर इलाज की जरूरत हो तो उसे जिला अस्पताल तक लाने की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में जो मानव संसाधन उपलब्ध हैं, उसकी शत -प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित होनी चाहिए। अस्पतालों की जरूरत के हिसाब से मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। अगर किसी एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में चिकित्सा और चिकित्साकर्मियों की सेवा लेने की जरूरत हो तो उस दिशा में भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। लेकिन इसमें इस बात का ध्यान रखें की जिस अस्पताल से चिकित्सकों की सेवा दूसरे अस्पताल में ली जा रही है, वहां की चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### सभी श्रेणी के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र को मजबूत करने की हो रही पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अनुमंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को रखरखाव, मरम्मत, चिकित्सा संसाधन, जांच सुविधा और दवाइयां की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर जांच और चिकित्सा सुविधा मिले, इसे स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करे।

### सीएम ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने पर दी सहमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन किए जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है, ताकि इसे अग्रतर कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय, केंद्र सरकार को प्रेषित किया जा सके।

### बिहार में करंट लगने से 9 कांवरियों की मौत

**वैशाली।** बिहार के वैशाली जिले में बड़ा हादसा सामने हुआ है, जहां रविवार देररात करीब 11:45 बजे डीजे ट्रॉली पर सवार 9 कांवरियों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना औधोगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है। मरने वाले सभी कम उम्र के है जो डीजे ट्रॉली के ऊपर सवार हो कर पहलेजा घाट जा रहे थे, जहां से जल लेकर अपने गांव के मंदिर में जलाभिषेक करने वाले थे। लेकिन, उससे पहले डीजे ट्रॉली जैसे ही सुल्तानपुर गांव से निकली वैसे ही डीजे ट्रॉली का हॉर्न ऊपर से गुजर रहे 11 हजार बोल्ट हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। ट्रॉली में करंट प्रवाहित हो गया जिससे ट्रॉली में आग भी लग गई और उसपर सवार सभी लोग जिंदा झुलस गए।

### आज कल




## आरक्षण विरोधी आंदोलन की आग में झुलसी बांग्लादेश की सत्ता

# इस्तीफा दे दिल्ली पहुंचीं शेख हसीना, ब्रिटेन से मांगी शरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में पहले आरक्षण और फिर अपने नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर चल रहे छात्र प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री शेख हसीना के आधिकारिक निवास में उग्र प्रदर्शनकारी घुस आए। उसके बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। वह देश के नाम संदेश रिकार्ड करना चाहती थीं लेकिन प्रदर्शनकारियों की उग्रता के कारण उन्हें इसका अवसर नहीं मिला। उन्होंने तत्काल भारत सरकार से मदद मांगी जिसे स्वीकार करते हुए भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने के लिए सुरक्षित रास्ता देने को मंजूरी दे दी गई। मंजूरी मिलते ही शेख हसीना अपने परिजनों के साथ बांग्लादेश के सैन्य विमान से सोमवार शाम 5.30 बजे गाजियाबाद स्थित वायु सेना के हिंडन एयरबेस पहुंची।

शेख हसीना को ला रहे सी-130जे विमान को हिंडन में उतरने के लिए प्राथमिकता दी गई। माना जा रहा है कि शेख हसीना अब नई दिल्ली से लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। जानकारी के मुताबिक शेख हसीना कभी भी नई दिल्ली से लंदन के लिए रवाना हो सकती हैं।

**सेना प्रमुख बनाएंगे अंतरिम सरकार :** वहीं, बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने देश के सभी दलों की भागीदारी से अंतरिम सरकार के गठन की बात कही है। रविवार शाम से ही पूरे देश में तत्काल क्फर्यू लग दी गई थी लेकिन कहीं इसका असर देखने को नहीं मिला। बांग्लादेश के सेना प्रमुख का कहना है, वे अंतरिम सरकार बनाएंगे और देश को संभालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया है कि आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा है कि स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात की जाएगी। इसके साथ ही बांग्लादेश में सेना ने सभी तरह की हिंसा को तुरंत रोकने की सार्वजनिक अपील की है।



1. सैन्य विमान से सोमवार शाम 5:30 बजे गाजियाबाद स्थित वायु सेना के हिंडन एयरबेस पहुंचीं हसीना
2. पीएम के सरकारी आवास में घुसे उग्र प्रदर्शनकारी, देश के नाम संदेश भी रिकार्ड नहीं करा सकीं प्रधानमंत्री
3. प्रधानमंत्री ने तत्काल सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान को अपना इस्तीफा सौंप दिया
4. शेख हसीना ने भारत सरकार से मांगी मदद, उन्हें तत्काल भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की मंजूरी दी गई

### 'बंग भवन' से मोटरसाइकिल से निकलीं शेख हसीना

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पद से इस्तीफा देने के बाद पीएम हाउस 'बंग भवन' से एक मोटरसाइकिल से रवाना हुईं। इसके बाद उन्होंने अपनी बहन के साथ ढाका से बांग्लादेशी एमआई-17 हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी लेकिन उनका गंतव्य नहीं बताया गया। दोपहर बाद उनका हेलीकॉप्टर त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में उतरा। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया और बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधरी भी कोलकाता पहुंच गए। शेख हसीना अगरतला से बांग्लादेशी वायु सेना के सी-130जे हरक्युलिस विमान से नई दिल्ली की ओर रवाना हुईं। उसके बाद राजधानी दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई। शेख हसीना के परिवहन विमान को फ्लाइट अखअ1431 का नाम देकर उसकी भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने भी लाइव ट्रैकिंग की। शेष पेज 11 पर

## सेफ हाउस में शिफ्ट की गईं शेख हसीना

### मेघालय ने बांग्लादेश सीमा पर लगाया कर्फ्यू

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बीच पीएम पद से इस्तीफा देकर शेख हसीना भारत आ चुकी हैं। सोमवार शाम उनका विमान यूपी के गाजियाबाद स्थित वायु सेना के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हिंडन एयरपोर्ट पर शेख हसीना से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में शिफ्ट किया गया है। उनकी सुरक्षा में एजेंसियों को तैनात किया गया है। खबरों के मुताबिक बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में कुछ समय बिताने के बाद लंदन के लिए रवाना होने की तैयारी कर रही हैं। बांग्लादेश में हुए ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करने वाले मेघालय ने बांग्लादेश सीमा पर रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है। मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने कहा कि 444 किलोमीटर से अधिक की सीमा पर कर्फ्यू अगली सूचना तक रोजाना शाम 6 से सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। यह निर्णय बीएसएफ के अधिकारियों और मेघालय पुलिस के साथ एक बैठक के बाद लिया गया।

### पीएम ने की सीसीएस की बैठक

इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्हें बांग्लादेश संकट के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पीएम के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के प्रमुख रवि सिन्हा और इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका बैठक में मौजूद थे। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने संसद परिसर में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और उनके साथ बांग्लादेश की स्थिति पर चर्चा की। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी देश में अशांति के मद्देनजर भारत और बांग्लादेश के बीच सभी रेल सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दी गई हैं। इसके साथ ही इंडिगो ने ढाका से आने-जाने वाली अपनी निर्धारित फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है।

## बांग्लादेश में आंदोलन से भारत पर व्यापारिक व सामरिक असर

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में छात्रों व जनता के आंदोलन , हिंसा के हालात में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना इस्तीफा देकर भारत भाग आईं हैं, और सेना ने कमान सम्भाल लिया है । क्या असर कुछ असर भारत पर पड़ेगा? चूँकि भारत बांग्लादेश के साथ में बड़ी मात्रा में व्यापार करता है। इसलिए वहाँ फैली हिंसा की वजह से भारत के कारोबार पर भी असर पड़ेगा ही पड़ेगा। दोनों देश कई सारी चीजों का इंपोर्ट और एक्सपोर्ट करते हैं। प्रदर्शन व हिंसा के कारण बांग्लादेश के उद्योग लंबे समय से बंद है। वे दूसरे देशों में किसी भी सामान को भेजने से बच रहे हैं। यदि लंबे समय तक ऐसी ही स्थिति बनी रही तो भारत में कई सारे प्रोडक्ट की कीमतों पर भी बहुत असर पड़ेगा। हाई क्वालिटी के रेडीमेड गारमेंट को तैयार करने के लिए बांग्लादेश प्रसिद्ध है। यहां पर सस्ते मजदूर व कच्चा माल मिल जाता है। इसीलिए वहां पर तैयार होने वाले कपड़ों की फिनिशिंग व क्वालिटी दुनिया में बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत के बड़े-बड़े ब्रांड या तो बांग्लादेश में कपड़े तैयार करवाते हैं या फिर वहां से कच्चा माल मंगवाते हैं । फिर उसे अपने देश में तैयार करवाते हैं। बांग्लादेश से भारत केवल कपड़ो के माल का ही आयात नहीं करता है, बल्कि जूट, रबर, खाद्य तेल और सब्जी तेल का भी आयात करता है। वहीं भारत भी काफी कुछ निर्यात करता है। इसमें चावल, रुई, सूती कपड़ा, गेहूं और गेहूं से बने प्रोडक्ट, मसाले, सब्जी, चीनी, फल और दूसरे प्रोडक्ट्स शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 1220 करोड़ डॉलर का निर्यात किया है।

शेष पेज 11 पर

### राज्य में मादक पदार्थों की बिक्री पर हो कठोर कार्रवाई : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मौखिक कहा कि झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करे। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम ,चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजीपी एवं रांची एसएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। शेष पेज 11 पर

इंडिया

# भ्रष्ट तंत्र को भी दंडित करने से रुकेगा अतिक्रमण

आजकल पूरे देश में सौंदर्यीकरण, कोर्ट के आदेश के बाद अवैध निर्माण हटाने और शहरों को



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विकसित करने के नाम पर अतिक्रमण रोधी अभियान चलाए जा रहे हैं जिसका दंश वे झेल रहे हैं, जिनकी आवाज सुनाई नहीं पड़ती है। आर्थिक रूप से कमजोर और किसी तरह आजीविका चलाने वाले ये लोग शहरी अतिक्रमण हटाओ दस्ते के दायरे में आ रहे हैं। जिनके पास साधन हैं, वे न्यायालय से स्थगन ले कानूनी लड़ाई लड़ते रहते हैं। एक बहुत बड़ा शक्तिशाली लोगों ka समूह सब कुछ जानते-समझते हुए भी नियम-कानून तोड़ता रहता है, क्योंकि उसके पास बचाव के संसाधन उपलब्ध हैं।नियम-कानून की अवहेलना से सरकारी प्रतिष्ठान भी अछूते नहीं हैं। सरकार की ओर से विकसित की जा रही सुविधाओं में भी विधि सम्मत प्रावधान नहीं पाए जाते हैं। अधिकांशतया सार्वजनिक उपयोग के स्थल, जैसे स्वच्छ भारत अभियान या अन्य योजनाओं की हड़बड़ी में बने मॉड्यूलर शौचालय, उद्यान, सामुदायिक केंद्र और सड़कों के निर्माण में पूरी तरह से कानून का पालन नहीं किया जाता, जिसके कारण पैदल चलने




वाले, खासकर दिव्यांग, महिलाएं एवं वरिष्ठजन इनके उपयोग से वंचित रह जाते हैं।उचित देखरेख की कमी और बिना बिचारे स्थापित ये काम बाद में तोड़ कर फेंक दिए जाते हैं । वैसे भी शहरी और महानगरीय व्यवस्थाओं के विकास पर ग्रामीण इलाकों की तुलना में प्रति व्यक्ति व्यय अधिक हो रहा है और उसका लाभ भी हर व्यक्ति की पहुंच से दूर है। शहरों के विकास हेतु विभिन्न मदों में व्यय के प्रावधान किए गए हैं और शहरों के इर्द-गिर्द ही विशेष सुविधाओं का निर्माण भी किया जाता है। शैक्षणिक हों अथवा चिकित्सकीय संस्थान या कोई अन्य उत्कृष्टता केंद्र, सभी की स्थापना नगरीय सीमा में ही की जाती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम ने अपने दृष्टि पत्र में शहरों के समान ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं विकसित करने का मंत्र दिया था। उसके पीछे तर्क यही था कि इससे पलायन रुकेगा, सतत विकास के साथ नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन अब भी प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों को ही मिलती है। कई बार यह तर्क भी दिया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान कम है, किंतु बीते कुछ वर्षों में उनके द्वारा व्यय में बढ़ोतरी के कारण ग्रामीणों द्वारा अप्रत्यक्ष कर अदा किया जा रहा है, अतः उस दृष्टि से भी देखा जाए, तो अनुपातिक विकास के प्रावधान नहीं रहते हैं। विडंबना तो यह है कि शहरों में निर्माण के साथ विनिर्माण पर भी सामाजिक व्यय हो रहा है।अधिकांश शहर अव्यवस्थित, अनियोजित, अस्त- व्यस्त विकास से ग्रस्त हैं। संभवतः शहर निर्माण और नियम-कानून की अनदेखी के पर्याय बन गए हैं। किसी भी बजट या आय-व्यय के ब्योरे में इसका उल्लेख नहीं रहता कि अवैध निर्माण हटाने में कितने संसाधन खर्च हुए। उसका सांख्यिकीय आकलन किए बिना जवाबदेही तय करना दुष्कर हो जाता है। अवैध निर्माण या अतिक्रमण रातों-रात नहीं होते, इसलिए इसके उत्तरदायी मात्र कानून तोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वह पूरा सरकारी तंत्र होता है, जिसे कानून की पालना करवाने के लिए वेतन-भत्ते दिए जाते हैं। शायद ही कभी अतिक्रमण के मामले में महकमे के किसी कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई हुई हो। अतिक्रमण के मामले में सभी पक्षों- अवैध निर्माणकर्ता, पर्यवेक्षक एवं जिम्मेदार महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। अगर सख्ती से सेवा दोष के तहत उन जिम्मेदार कर्मियों और अधिकारियों पर कार्रवाई होती, तो अवैध निर्माण या अतिक्रमण पर विराम लग गया होता।

अनेक शहरों में नेताओं और शक्तिशाली अधिकारियों के आवास के बाहर फुटपाथ और रास्तों पर अवैध रूप से हो रहे विस्तार को देखा जा सकता है। न्यायालयों के स्व-संज्ञान से गाड़ियों द्वारा ट्रैफिक जाम से लेकर मानवता की रक्षा तो हो जाती है पर यह मूलतः सरकारों का काम है । नगर नियोजन में एक अहम कड़ी वास्तुकार और नगर नियोजक विशेषज्ञ भी होते हैं। लेकिन ये भी अंधाधुंध तरीके से निर्माण की स्वीकृति दे देते हैं। आजतक किसी भी नगर नियोजक या वास्तुकार को दोषी नहीं ठहराया गया है।ऐसा लगता है कि शहरों को विकृत करने में सभी लगे हुए हैं और 'सब चलता है' या 'जब कोई आवाज उठेगी, तब देखा जाएगा' के सिद्धांत पर सभी चल रहे हैं। मात्र सरकार के भरोसे अनुशासन स्थापित नहीं किया जा सकता। आम आदमी को भी सरोकार रखना होगा, अन्यथा इस चुप्पी का खामियाजा सबको भुगतना होगा।

### झारखंड हाई कोर्ट ने डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

शेष पेज 11 पर





## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला व बाइक सवार घायल

**मांडर ।** थाना क्षेत्र के हेसमी मोड़ के निकट रविवार की शाम बाइक के धक्के से हेसमी निवासी जसिंता लकड़ा (45) घायल हो गयी। उसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब छह बजे की है। बताया जाता है कि जसिंता पैदल ही अपने घर की ओर जा रही थी। इसी क्रम में सोसई की ओर जा रहे बाइक सवार बंझिला निवासी आकाश गोप (18) ने उसे धक्का मार दिया। हादसे में बाइक सवार को भी चोट आयी है।

### हाथी हमले से घायल युवक से मिले विधायक

**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने सोमवार को रांची के लाइफ केयर अस्पताल जाकर हाथी के हमले में घायल रनिया के सुनील कुमार भुइयां का हाल समाचार लिया। विधायक ने अस्पताल के चिकित्सकों से मुलाकात कर घायल युवक को बेहतर सुविधाा देनें काा निदेश दिया। ज्ञात हो कि तसोपा विधाानसभा क्षेत्र कें रनिया का रहने वाला सुनील कुमार हाथी के हमले में गभीर रूप से घाायल हो गये थे। उनके दोनों हाथ टट गये हैं।

### मृतक अभिमन्यु शाही के 12वीं भोज में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

**चान्हो।** प्रखंड के ग्राम चोड़ा में बीते सप्ताह अभिमन्यु शाही का अकास्मिक निधन हो गई थी। आज दिनांक 05 अगस्त को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के 12वी भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने अभिमन्यु शाही की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। भोज में उनकी उपस्थिति में शोकाकुल परिवार को समर्थन और सांत्वना दी। डॉ. भगत ने अभिमन्यु शाही के योगदान को सराहा और उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

### महावीर नगर से कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना

**खलारी।** खलारी के महावीर नगर से कांवरियों का जत्था जलाभिषेक के लिए बाबाधाम रवाना हुआ। इससे पहले कांवरियों का दल खलारी पहाड़ी मंदिर जाकर पूजा किया। सभी शिव भक्तों ने बोल बम का जयकारा लगाया। वैद्यनाथ धाम जाने वालों में महावीर साव, गीता देवी, संतोष साव, सुनील सिंह, राकेश केशरी व अनुराधा सिंह शामिल है।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानियों का उर्सुलाइन खलारी के विद्यार्थियों ने किया मंचन

# ‘दो बहनें’ उपन्यास पर आधारित नाटक को मिला प्रथम स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में मुंशी प्रेमचंद की जयन्ती मनाई गई। हिन्दी विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका मिस अनिमा कांसीर के मार्गदर्शन में कक्षा नौ के विद्यार्थियों को प्रेमचंद के प्रसिद्ध उपन्यासों के नाम के आधार पर चार समूहों में बांटा गया। सभी समूह के विद्यार्थियों ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित प्रसिद्ध कहानियों ‘ठाकुर का कुआं’, बड़े घर की बेटी, दो बहनें और सदगति का नाटक मंचन किया। मंचन के आधार पर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इससे पूर्व साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्या सिस्टर जयन्ती के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया। मंच संचालन स्वयं मिस अनिमा कांसीर ने किया । निर्णायक के रूप में शिक्षक मुकेशकुमार सिंह, विशाल शर्मा, प्रभाकर शर्मा और शशि चौधरी थे तथा समयपाल के रूप में शिक्षक अम्बुज कर्मकार थे। निर्णायकों ने सभी नाटक को देखने के बाद ‘दो बहनें’ नाटक को प्रथम घोषित किया। द्वितीय स्थान पर नाटक सदगति रही, तृतीय स्थान पर बड़े घर की बेटी और चतुर्थ स्थान पर ठाकुर का कुआं। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने इन नाटकों में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।




*मंच संचालन स्वयं मिस अनिमा कांसीर ने किया, निर्णायक के रूप में शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, विशाल शर्मा, प्रभाकर शर्मा और शशि चौधरी थे*

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह

**खूंटी।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने को लेकर तीन अगस्त से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले की सभी 86 पंचायतों एवं नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर कैम्प का आयोजन कर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे है। इस दौरान कैंपों में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। जिले की 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं एवं बहनों ने कैंपों में पहुंचकर अपना आवेदन भरकर जमा किया। योजना के तहत आर्थिक रूप से मिलने वाले सहयोग को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए लाभुक महिलाओं ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा राज्य की 50 लाख महिलाओं को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### शिव उरांव ने कांवरियों के जत्था को बाबाधाम के लिए किया रवाना




**चान्हो।** प्रखण्ड के हुटार गांव से कावरियों का एक जत्था सोमवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुए। सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने सभी कावरियों को शुभकामना देते हुए रवाना किया। रवानगी के मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस पावन यात्रा में जाकर क्षेत्र के लिए खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना करें। ईश्वर ऐसी यात्रा के लिए भाग्यवान लोगों को चुनता है। इक्यावन लोगों का यह जत्था बाबाधाम, बासुकीनाथ, तपोवन, नौलखा मन्दिर, त्रिकुट पहाड़ी, राजगीर बोधगया होकर वापस लौटेगी।

### सर्वर डाउन होने से काफी परेशानी, धनरोपनी छोड़कर फॉर्म भरने के लिए लगी लंबी कतार




**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के चटवल पंचायत भवन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो० मोजीबुल्लाह ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना हेतु पंचायत के सभी 21 वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबन्धन सरकार का योजना बहुत ही लाभदायक योजना है। इसका लाभ लेने के लिए योग्य महिलाएं जागरूक रहें और समय से पहले सभी प्रकार के प्रक्रियाओं को पूरा करें ताकि आप मे से कोई भी महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रह सकें। सर्वर डाउन होने से इन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अभी धान रोपनी का समय है। खेतों के कार्यों को छोड़कर फार्म भरने के लिए उन्हें घंटों घंटा तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने अफसोस जाहिर करते हुए महिलाओं के धैर्य का सराहना किया।

### सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिजन से मिलकर दी सांत्वना



**चान्हो।** प्रखंड के ग्राम चोड़ा में बुधवा उरांव का अकास्मिक निधन की खबर सुनते ही भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो सोमवार को अंतिम संस्कार में शामिल हुए । मृतक के परिजन से मिलकर ढ़ांढस बंधाया। साथ ही कहा कि इस दुख के घड़ी में सदैव आपके साथ खड़ा हुं। वहीं सिदेशवर शाही के पिता अभिमन्यू साही का देहांत कुछ दिन पहले हो गया था। चोड़ा पहुंचकर उनके ब्रह्मभोज में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री बुधवा उरांव के निधन से लोगों काफी मायूसी है।

## कार की टक्कर से घायल स्कूटी सवार की इलाज के दौरान मौत

**खूंटी।** खूंटी-रांची रोड पर नामकुम बगीचा के समीप रविवार रात लगभग साढ़े आठ बजे एक तेज रफ्तार बलेनो कार की टक्कर से घायल स्कूटी सवार युवक की इलाज के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गई। मृतक की पहचान खूंटी के सोसोटोली गांव निवासी नरेश कुमार के 19 वर्षीय पुत्र कशिश कुमार विक्रांत के रूप में हुई है। बताया गया है कि उसका अग्निवीर के लिए चयन हुआ था। इसी खुशी में कशिश ने रविवार देर शाम अपने कुछ मित्रों को खूंटी के एक लाइन होटल में पार्टी दी थी। ढाबा में दोस्तों के साथ खाना खाने के बाद रात लगभग आठ बजे अलग-अलग स्कूटी और बाइक पर सवार सभी वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खूंटी से रांची की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक बलेनो कार एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे कशिश की स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको निकटवर्ती केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खूंटी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है।

## तीसरी सोमवारी पर आम्रेश्वर धाम में 70 हजार श्रद्धालुओं ने किया बाबा का जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** पवित्र सावन महीने की तीसरे सोमवारी को क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी सहित जिले के अन्य शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलनाथ का जलाभिषेक किया। स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु रविवार रात से ही यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान घंटों कतार में खड़े भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे।

### झारखंड केंद्रीय विवि में कोरिया से आए इंजीनियर सीख रहे हिंदी

**रांची।** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार से पांच दिवसीय अंतरर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस कार्यशाला में कोरियाई कंपनी सैमसंग के 13 इंजीनियर कोरिया से प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उन्हें हिंदी सीखना है, जिससे वे भारत तथा झारखण्ड के संस्कृतियों को जान समझ सकें। कार्यशाला की शुरूआत में विदेशी मेहमानों का आदिवासी परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केबी दास ने हर्ष जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विदेशों में हिंदी तथा भारतीय संस्कृति का सकारात्मक विस्तार होगा।

### गुरुगोष्ठी में मध्याह्न भोजन और वर्गवार नामांकन पर हुई चर्चा

## एजेंडा को ससमय पूरा करने के लिए बीईईओ ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी बीआरसी कार्यालय में शैक्षणिक मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्ठी में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी उपस्थित थे। गुरूगोष्ठी में प्रखण्ड क्षेत्र के विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक, सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय के शिक्षकों के साथ उपस्थित बीआरसी कर्मी, प्रखण्ड एवं संकुलसेवी के बीच विभिन्न एजेंडा पर चर्चा हुई। जिसमें विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन, वर्गवार नामाकंन, वर्ग प्रोन्नति उपरांत बच्चों का शत प्रतिशत नामाकंन, वर्ग आठ के बच्चों के लिए साइकिल वितरण हेतु बैंक खाता विवरणी जमा करना, रूआर 2024-25 के तहत किए गए नामाकंन का रूआर लिंक में भरने की विद्यालय वार समीक्षा किया गया। इसके अलावा सभी विद्यालय में दीवाल लेखन की समीक्षा, विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम सहित अन्य कई एजेंडा पर चर्चा किया गया। बीईईओ ने सभी एजेंडा को ससमय पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया, प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्तरा कुमार, अमरलाल सतनामी, अनिल मिश्रा, महेन्द्रकुमार मलिक, फुलचंद दिगवार, तरुण कुमार, सीआरपी, बीआरपी, आरटी सहित अन्य शिक्षक, बीआरसी कर्मी, प्रखंड एवं संकुलसेवी उपस्थित थे।



*गुरुगोष्ठी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी उपस्थित थे। गुरुगोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय के शिक्षकों के साथ उपस्थित थे*

### अभियान

### डीएवी खलारी में ‘नशा मुक्त भारत’ अभियान संपन्न

## नशा एक सामाजिक बुराई, इससे दूर रहें : डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी में त्रिदिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का समारोह पूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की डकरा शाखा की बीके प्रीति बहन की टीम, खलारी के पुलिस उप अधीक्षक आरएन चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीके प्रीति बहन ने विद्यार्थियों को छात्र जीवन में बच्चों को ध्यान योग, मेडिटेशन करने की भी सलाह दी। इसके लिए उन्होंने बच्चों को कुछ बिंदु भी बताएं। बहन जी ने बच्चों को प्रतिदिन ध्यान केंद्रित करने, योग करने और प्रेरणादायक कहानियां सुनने की सलाह दी। डीएसपी आरएन चौधरी ने बच्चों को बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा बसे बसाए परिवारों को उजाड़ देता है। इससे देश, परिवार और समाज बर्बाद हो जा रहा है। नशे के कारण अच्छे नागरिक बनने का मौका खत्म हो जाता है। डीएसपी ने बताया कि कोई ड्रग के साथ पकड़ा जाता है तो उस पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हो जाता है और उसे जेल हो जाती है। उन्होंने बच्चों को उत्साहित करते हुए अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि किसी भी परेशानी में फंसने पर उन्हें, विद्यालय, अपने अध्यापक, अपने माता-पिता या फिर प्रशासन को सूचना अवश्य देनी चाहिए। बच्चे यह नंबर अपने माता-पिता को भी दे सकते हैं। कहा कि बच्चे किसी भी प्रकार की पार्टी आयोजित करते हैं तो अपने माता-पिता की सहमति से उनकी देखरेख में पार्टी करें क्योंकि पार्टियों में ऐसे तत्व भी शामिल हो जाते हैं जो आपको दिशा भ्रमित करने का काम करते हैं । ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। घर से बाहर पार्टी ना करें । प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी मेहमानों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया और बच्चों को इतनी अच्छी जानकारी देने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



*डीएसपी आरएन चौधरी ने बच्चों को कहा कि नशा परिवार को बर्बाद कर देता है हमें इससे दूर रहना चाहिए*

### 18वीं ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने जीते 13 पदक

**खूंटी।** शिकोकाई कराटे इंटरनेशनल, इंडिया द्वारा एक से चार अगस्त तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 18वीं ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच स्वर्ण, दो रजत तथा छह कांस्य सहित कुल 13 पदक जीतने में कामयाब रहे। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं। स्वर्ण पदक - विवेक धान, शिवम सिंह, अमरजीत मुंडा, अभिनव स्वरूपा और जयस राज। जत पदक - रिया कुमारी और आकाश मुंडा। कांस्य पदक - निशु टोपनो, अनंत हस्सा, सुशील नाग, अस्मिता नौरंगी, फुलमनी पूर्ति तथा अरिशाल होरो। सभी विजेता खिलाड़ियों को कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हैंशी भारत शर्मा द्वारा पदक प्रदान किया गया।

## खूंटी में मध्य विद्यालयों के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** जिला प्रशासन खूंटी एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी मध्य विद्यालयों में बेसिक(बेसलाइन अडवांटमेंट ऑफ स्टॅडेंट फॉर इंपुव्ड केपेसिटी) कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के तहत लक्षित सभी बच्चों को भाषा एवं गणित की आधारभूत दक्षता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में सोमवार को जिले के अड़की,मुरहू एवं खूंटी प्रखण्ड के नोडल शिक्षकों को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के 289 मध्य विद्यालयों के 536 शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत सभी नोडल शिक्षक अपने विद्यालयों में कक्षा छह से आठ के बच्चों का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन के उपरांत लक्षित बच्चों के साथ प्रतिदिन दो घंटे का की बेंसिक कक्षा का संचालन करेंगे, जिसमें एक घंटा हिंदी और एक घंटा गणित की कक्षा होगी। प्रशिक्षण केन्द्रो का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने किया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राज्य समन्वयक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रतिभाग कर रहे नोडल शिक्षकों के साथ बच्चों की शिक्षण प्रक्रिया में समुदाय के अटेक होल्डर्स को शामिल करने एवं बच्चों द्वारा समुदाय आधारित समूह कार्य करने के तौर-तरीकों की चर्चा की।

## ई-रिक्शा चोरी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने सोमवार को ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चुटिया थाना क्षेत्र में ई रिक्शा लूट की वारदात का खुलासा रांची पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपितों में प्रकाश रंजन और किशन कुणाल बिहार के रहने वाले हैं जबकि रितेश कुमार गोड्डा का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधियों से हुई अबतक की पूछताछ में इस बात की जानकारी मिली है कि लूट या चोरी के बाद ये वाहनों को कटवाकर बेच दिया करते थे। फिलहाल पुलिस इन्हें रिमांड पर लेकर पुछताछ करेगी और चोरी की अन्य वारदातों का पता लगाने का प्रयास करेगी।





एनएच 39 स्थित रांची-डालटनगंज मार्ग पर विगत चार वर्षों से लंबित पुल का डायवर्सन बह जाने से लाखों लोग परेशान हुए, अब मुरगू में यातायात तीन दिनों के बाद सामान्य हुआ।

### सीएस ने की प्राइवेट हॉस्पिटलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, कहा

# हॉस्पिटल अपने सभी रिपोर्ट सरकार के साथ साझा करें : प्रभात कुमार

*मीटिंग का उद्देश्य प्राइवेट हेल्थ सेंटर और स्वास्थ्य विभाग को एक मंच पर लाकर सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना था*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग रांची के तत्वाधान में सोमवार 5 अगस्त को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के लिए जिला स्तरीय बैठक हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने की। उन्होंने हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों को सरकार को सहयोग करने को कहा। साथ ही कहा कि हॉस्पिटल अपने सभी रिपोर्ट को बिना डरे सरकार के साथ साझा करे। साथ ही प्रतिनिधियों को बताया गया कि इस मीटिंग का उद्देश्य प्राइवेट हेल्थ सेंटर और स्वास्थ्य विभाग को एक मंच पर लाकर सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा एक सर्व समावेशी स्वास्थ्य योजना का निर्माण तथा परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूत बनाने हेतु आधार तैयार करना है। संजय तिवारी कहा कि यह रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड की जाती है जिससे जिला की रैंकिंग निर्धारित होती है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रवीण सिंह ने सभी प्राइवेट हेल्थ सेंटरों को ससमय रिपोर्ट एचएमआईएस पोर्टल पर जमा करने को कहा। उन्होंने सभी को बताया गया कि किस तरह रिपोटिंग का फॉर्मेट को भरा जाएगा और कौन-कौन सी रिपोर्ट उन्हें देनी है। बैठक में रांची शहरी क्षेत्र से 20 प्राइवेट हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पीएसआई इंडिया से जनरल मैनेजर नीलेश कुमार, सीनियर मैनेजर सुनील कुमार, प्रणव कुमार झा, संतोष कुमार पाण्डेय, मोनिषा कुमारी और संतोष कुमार शामिल हुए।



### महीने की 5 तारीख तक देनी होगी रिपोर्ट

इससे पहले जिला डाटा प्रबन्धक संजय तिवारी ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा प्राइवेट हॉस्पिटल की सहभागिता क्यों आवश्यक है उसपर प्रकाश डाला। राज्य डाटा प्रबंधक सुबोध कुमार ने प्राइवेट हेल्थ सेंटरों से आए डॉक्टर, प्रबंधक व अन्य कर्मियों से कहा कि वह हर माह की अधिकतम 5 तारीख तक प्रसव संबंधित सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रम, बच्चों को नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु जन्म मृत्यु रिपोर्ट आदि की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें।

### अनुपम कच्छप हत्या मामले की जांच तेज

## घटनास्थल पर पहुंचे जोनल आईजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर रिंग रोड के समीप स्थित एक होटल के पास शुक्रवार देर रात स्पेशल ब्रांच के दरोगा सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के तीसरे दिन भी पुलिस को घटना ने शामिल आरोपियों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं दूसरी तरफ रांची जोनल आईजी अखिलेश झा सोमवार की शाम घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद आईजी जिस होटल में रात में पार्टी हुआ था, उस होटल के मालिक से पूरे मामले में पूछताछ की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आईजी ने कई बिंदुओं पर जांच करने का आदेश दिया है। पूरे मामले में आईजी ने कहा कि जल्द रांची पुलिस हत्याकांड का खुलासा करेगी। कुछ सुराग एसआईटी को मिला है, जिस पर काम चल रहा है। अनुपम कच्छप हत्या मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने अनुपम के परिवार के लोगों से जानकारी ली। परिवार के लोगों ने विवाद के कुछ बिंदुओं पर पुलिस को जानकारी दी है। इसके आधार पर पुलिस की टीम सत्यापन कर रही है कि कहीं पारिवारिक विवाद की वजह से हत्या तो नहीं हुई। इसके अलावा पुलिस की टीम अनुपम के दोस्तों का मोबाइल नंबर लिया है, ताकि तकनीकी शाखा के सहयोग से सीडीआर निकाल कर यह पता लगाया जा सके कि हत्याकांड के पीछे किसी अपने का हाथ तो नहीं।

### आंखें बंद किए हुए हैं समिति के बेपरवाह पदाधिकारी

# दुर्गंध से पंडरा बाजार समिति के व्यापारियों का हाल बेहाल







**मनोज मिश्रा**

**रांची।** चालीस साल पुरानी पंडरा बाजार समिति के व्यापारियों का दुर्गंध से हाल बेहाल है। व्यापारी वर्ग आक्रोशित हैं कि बाजार समिति से आखिर कचरे का उठाव क्यों नहीं हो रहा है। दस से बारह करोड़ का व्यापार यहां प्रतिदिन होता है। दस से बारह हजार लोगों का प्रतिदिन यहां आना-जाना होता है। कचरे की दुर्गंध से यहां व्यापारियों का व्यापार करना मुश्किल हो गया है। बाजार समिति में आने वाले हर वर्ग के लोग ड्राइवर, खलासी, किसान, मजदूर सभी दुर्गंध से परेशान हैं। पूरे बाजार समिति परिसर में कचरे का अंबार लगा है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। जगह-जगह जल जमाव हो गया है। इस जल जमाव से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर, बाजार समिति के पदाधिकारी दुर्गंध से बेपरवाह आंखें बंद किए हुए हैं। यहां आने वाले हर किसी के मन में यही प्रश्न है कि यह दुर्गंध कब तक झेलना पड़ेगा।

# श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के बाद शुरू हुआ जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हर हर महादेव बाबा भोलेनाथ की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार के अवसर पर प्रात 5:30 मंगला आरती बाल भोग के बाद मंदिर में विराजमान श्री शिव परिवार की पूजा अर्चना तथा जलाभिषेक के लिए भक्तों का सैलाब उमर पड़ा। श्रावण अमावस्या के बाद का पहला सोमवार होने के करण भक्तजन भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। गंगाजल दूध दही से भक्तजन कतार में लगकर स्फटिक के शिवलिंग का अभिषेक किया। यह सिलसिला निरंतर 7 घंटे तक चलता रहा । श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे के पूर्व मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भोग अर्पित कर शंख आरती की गई। सोमवार का पहला रुद्राभिषेक भारतीय पुलिस प्रशासनिक सेवा की सीआईडी एसपी कुसुम पुनिया ने किया। द्वितीय रूद्राभिषेक दोपहर 3:00 बजे से स्फटिक के महादेव का विशेष महारुद्राभिषेक अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। यजमानश्री के रूप में पवन रीना केडिया, दीपक, सरोज, राजीव, नीतू केडिया एवं श्रेयश वर्तिका केडिया ने भक्ति के सागर में गोता लगाकर रुद्री पाठ के साथ रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया। दूध, गन्ना रस, दही, गंगाजल, शहद, घृत्त आदि से अभिषेक किया गया। फल मिष्ठान का भोग लगाया गया। बेलपत्र दुभ पुष्प आदि अर्पित किया गया। मंदिर के आचार्य के सानिध्य में आरती के साथ कार्यक्रम का विराम किया गया।





### आज होगा हरियाली पर्व और 113वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

खाटूधाम (राजस्थान) के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार मंगलवार को खाटूनरेश का हरियाली पर्व आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं गुरुजनों को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। खाटूनरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगा । विशेष भोग सेवा सुभाष रौनक पोद्दार, विशेष हरियाली पोशाक सेवा अजय मयंक जैन एवं प्रिंस अजमानी के तरफ से खाटूनरेश को पंचमेवा का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि रविवार को अमावस्या महास्नान के बाद मंगलवार को दूसरी बेला में हरियाली पर्व का आयोजन होगा। मंगलवार होने के कारण प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 113 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ 4:30 से होगा। हनुमान जी की पावन अखंड ज्योति सांय 4:30 बजे प्रज्ज्वलित की जाएगी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया की हरियाली पर्व की तैयारी प्रारंभ हो गई है। बेंगलुरु व कोलकाता से विभिन्न कलर के गुलाब फूल आ रहे हैं। कोलकाता से भी विभिन्न फूल आ रहे हैं। जिनकी मोटी मोटी मालाओं से खाटूनरेश सहित सभी देवी देवताओं गुरुजनों का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

# वेलनेस सेंटर की मरम्मत का काम सीजीएचएस को करना है : राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्य सचिव एमजेड खान के नेतृत्व में मुख्य डाक महाध्यक्ष झारखंड परिमंडल वीसी राय से 4 सूत्री मांगों को लेकर मिला। इन मांगों में पोस्टमैन एवं मेलगार्ड के जनवरी 1996 से बकाया भुगतान को सुनिश्चित करना, जनवरी 1986 से इंडक्शन ट्रेनिंग की अवधि को प्रोन्नति में समायोजित कर लाभ देना, रूल 9 के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना, 6 माह के अंतराल पर राज्य स्तरीय पेंशन अदालत का आयोजन करना शामिल है। मुख्य डाक महाध्यक्ष से पोस्टल कॉलोनी लालपुर में स्थित वेलनेस सेंटर के जर्जर भवन को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करने आदि पर भी चर्चा की गई। भवन की मरम्मत को लेकर मुख्य डाकमहाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार वेलनेस सेंटर की मरम्मत का काम सीजीएचएस को करना है।

### उचित कार्रवाई का आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल ने चीफ पीएमजी का ध्यान आकृष्ट करते हुए रेखांकित किया कि सिंहभूम डिवीजन में लंबित 98 और पलामू में 43 मामलों में एक भी मामले का निपटारा नहीं किया गया है। उसी प्रकार धनबाद के 120 में 2, दुमका के 85 मामलों में 8, हजारीबाग के 93 मामलों में 30, गिरिडीह के 43 में 2, रांची के 147 में 93 एवं देवघर के 23 लंबित मामलों में मात्र 2 मामलों का निपटारा किया गया है। चीफ पीएमजी ने गंभीरता से डेलिगेशन की बातें सुनी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

# अधिकारियों को तैयारी से संबंधित दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के संदर्भ में बैठक संपन्न हुई। जिला के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश उपायुक्त ने दिए। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी -सह- सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन सदर रांची, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारी को आगन्तुकों के लिए मैदान के दायीं और बायीं ओर वाटरप्रूफ पण्डाल/गैलरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिये। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रुप से तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमंडल को दिया। उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मती एवं साफ सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी ससमय कराने का निर्देश दिया गया।



### चिकित्सा कैंप

उपायुक्त ने सिविल सर्जन को मोहराबादी मैदान में कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा व्यवस्था और मेडिकल कैंप एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित रूप से करने का निर्देश दिया।

### अग्निशमन व्यवस्था

जिला अग्निशमन पदाधिकारी रांची को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### नीरजा सहाय डीएवी के बच्चों ने की शिव मंदिर की सफाई



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने कम्यूनिटी आउट रीच कार्यक्रम के अंतर्गत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित शिव मंदिर के प्रांगण की साफ- सफाई की। ज्ञातव्य है कि हाल ही में मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य पूरा हुआ, जिस कारण वहां गंदगी का अंबार था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी के 40 विद्यार्थियों ने शिक्षक अखण्ड नारायण मिश्र एवं दुष्यंत सिंह के दिशा-निर्देशन में सफाई कार्य किया। इस सफाई अभियान में विद्यालय के मालीअनिल मालाकार की भूमिका भी अद्वितीय रही। छात्र-छात्राओं के उत्साह को देख कर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं मंदिर के पुरोहित ने खुशी जताई। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफाई अभियान छात्र- छात्राओं को न केवल अपने आस-पास से जोड़ेगा बल्कि उनमें सामाजिकता की भावना का विकास भी करेगा।

### श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 500 लोगों ने किया भोजन



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 285 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 215 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 500 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत 2 वर्षों से प्रतिदिन सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, संजय सर्राफ,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### डालसा ने किया नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में डालसा ने संत जोन्स इंगलिश मीडियम स्कूल, रांची में नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर एवं अन्य तरह के मादक पदार्थों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन पदार्थों की खरीद-बिक्री, भंडारण, उपभोग, उपयोग, एक राज्य से दूसरे राज्य में तस्करी करना कानूनन अपराध है। उन्होंने इस अपराध की सजा के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। सजा को तीन कैटेगरी स्मॉल, इंटरमीडिएट, कॉमर्शियल में बांटा गया है। इसमें 2 से 10 साल की न्यूनतम सजा और अधिकतम सजा 20 साल तथा 2 लाख का जुर्माना भी है। दोबारा अपराध करने से सजा बढ़ जाती है। मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। सीआईडी, मनोज कुमार ने कहा कि नशा से शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक हानि होती है। नशा में व्यक्ति चोरी करना शुरू कर देता है। नशा की चपेट में आकर नशीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहा है। मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ पीएन सिंह, लाइफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी, मनोज कुमार, डीएसपी सीटी, राज कुमार मेहता, पीएलवी, संगीता सिंह, संगीता देवी एवं संत जोन्स इंगलिश मीडियम स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य लोग उपस्थित थे।

### ऑटो यूनियन ने संयुक्त रूप से राजभवन के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन, रांची जिला ई रिक्शा यूनियन ने संयुक्त रूप से दिनेश सोनी और अर्जुन यादव के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र पांडे एवं सुनील सिंह ने किया। संयुक्त संगठन द्वारा प्रमंडलीय कमिश्नर से मिलकर आरटीए द्वारा थोपे गए काले कानून के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। दिनेश सोनी और अर्जुन यादव ने बताया कि कमिश्नर महोदय ने तत्काल प्रभाव से आरटीए द्वारा लागू सभी काले कानून को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया एवं आश्वासन दिया है कि हमारी मांगों के समर्थन में विचार कर आगे बैठक के बाद ही कोई कार्रवाई होगी। ई रिक्शा को 3000 से 25000 तक फाइन रांची नगर निगम द्वारा काटा जा रहा है। इस संदर्भ में पूर्व में नगर आयुक्त से महासंघ ने मुलाकात की थी। उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए आश्वासन दिया था, परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। यातायात प्रशासन द्वारा अभी भी ई रिक्शा चालकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि पूर्व निर्धारित हड़ताल को वापस लिया जाता। मौके पर दिनेश सोनी, अर्जुन यादव, उत्तम यादव, सुनील सिंह, नागेंद्र पांडे, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, रामकुमार सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, पंकज सिंह, बादल थापा, संतोष श्रीवास्तव, पिंकी तिर्की, राजीव कुमार उर्फ गुड्डु, अमित वर्मा, संतोष साहू, नितेश वर्मा, फतेह भारद्वाज, पलामू सिंह इत्यादि हजारों ऑटो चालक मालिक और ई-रिक्शा चालक मालिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### जेएसएससी हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति का मेरिट लिस्ट जारी करेगा

**रांची।** जेएसएससी वर्ष 2016 में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में यह जानकारी जेएसएससी की ओर से दी है। झारखंड हाईकोर्ट में जेएसएससी की ओर से यह बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट अपनी वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर देगा। इसके साथ ही कमीशन कट ऑफ मार्क्स भी अपनी वेबसाइट पर जारी करेगा। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करे। अब हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी।

### 13 आरोपी साक्ष्य के आभाव में बरी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने जमीन विवाद से जुड़े मारपीट की घटना के तीन अलग-अलग मामलों में 13 आरोपियों को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है। तीनों मामलो में मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास 15 राज कुमार पांडेय की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। पहले मामले में भानु प्रताप सिंह ने चक्रधर सिंह, रमेश सिंह, दुबराज सिंह, अखिलेश सिंह, गंदरू सिंह दूसरे मामले में गीता सिंह ने दुबराज सिंह, रमेश सिंह, गंदरू सिंह और चक्रधर सिंह और तीसरे मामले में श्याम चंद्र सिंह ने दुबराज सिंह, गंदरू सिंह, चक्रधर सिंह और रमेश सिंह पर जमीन विवाद और मारपीट का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। सभी मामले वर्ष 2015 में दर्ज करवाए गए थे।

### भगवान और सुनील की याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई

**रांची।** साहेबगंज जिला में अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 12 अगस्त को सुनवाई होगी। शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस अगस्टिन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट दोनों आरोपियों को बेल देने से इंकार कर चुका है, जिसके बाद इन्होंने सुप्रीम कोई का दरवाजा खटखटाया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने युवती के साथ दुष्कर्म करने के दोषी वरुण सिंह को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। इसके साथ ही कोर्ट ने वरुण पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। कोर्ट ने गुरुवार को वरुण को दोषी करार दिया था। सोमवार को उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई।

### हाईकोर्ट ने अधिवक्ता गोपाल हत्याकांड का लिया स्वतः संज्ञान

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिनदहाड़े हुई हत्या पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सोमवार को राज्य के डीजीपी, रांची एसएसपी व एसआईटी के नेतृत्वकर्ता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सभी अधिकारियों ने इस मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को दी। अधिकारियों ने अदालत को बताया कि एसआईटी गठन कर इस केस की जांच की जा रही है और अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली गई है। अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा भी दी जाएगी। साथ ही विक्टिम कंपनसेशन योजना के तहत अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक सहायता भी पहुंचाई जाएगी।

#### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक संपन्न

# राज्यभर के कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 39 कैदी होंगे रिहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों के कारामुक्ति हेतु अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श एवं समीक्षा के उपरान्त 39 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर अपनी स्वीकृति दी। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर बिंदुवार विचार-विमर्श करने के पश्चात 39 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।

## रिहा हुए कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ें: सीएम



बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काटकर रिहा हुए कैदियों का फैमिली बैकग्राउंड, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरीफिकेशन अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों के जीवन यापन हेतु आय सृजन के लिए विशेष कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ें। रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन आदि योजनाओं का लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागार से रिहा होने के बाद इन कैदियों को जीवनयापन में सामाजिक रूप से कोई समस्या उत्पन्न न हो तथा आर्थिक तंगी का सामना नही करना पड़े इस निमित्त एक बेहतर प्लान तैयार कर इन्हें स्वरोजगार से जोड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा होने वाले वैसे कैदी जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है, उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। बैठक में मुख्यमंत्री के अविनाश कुमार, नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### सीएम हेंमत सोरेन से मिला केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी नौ अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची के विभिन्न क्षेत्र में जनजातीय सामाजिक तथा धार्मिक संगठन की ओर से मैत्रीपूर्ण समन्वय मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के भीतर सभी के हक-अधिकार एवं स्वतंत्रता को सम्मान के साथ बढ़ावा देना, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास का संदेश देने का काम जनजातीय समूहों के द्वारा किया जायेगा।

## सीसीएल में विधिक मामलों के प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर लॉन्च



*सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने न्यायालीय मामलों के प्रबंधन के लिए एक सॉफ्टवेयर लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) लॉन्च किया। अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार, महाप्रबंधक (सिस्टम) विनय एस महाराज, विभागाध्यक्ष (विधि ) वीपी जोबी, और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एलएमएस से प्रबंधन को लंबित मुकदमों की निगरानी करने में सुगमता प्रदान करेगा। इस सॉफ्टवेयर से लंबित न्यायलीय मामलों के आवश्यक कार्रवाई के लिए दी गई समयसीमा समाप्त होने पर डीलिंग अधिकारियों और उनके रिपोर्टिंग अधिकारियों को स्वचालित एसएमएस रिमाइंडर प्राप्त हो जाएगा। एसएमएस की रिपोर्ट में लंबित कार्रवाइयों का भी पता चल जाएगा। इस प्रणाली के प्रयोग से न्यायालीय मामलों के निष्पादन मे और तेजी आएगी। यह कोल इंडिया लिमिटेड में विधिक मामलों के प्रबंधन के लिए अपनी तरह का पहला सॉफ्टवेयर है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में इसे सीसीएल के सिस्टम विभाग और विधि विभाग के संयुक्त प्रयास से सीसीएल द्वारा ही विकसित किया गया है।

#### चित्रकला शैली पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी शुरू

## समृद्ध है झारखंड की कला व संस्कृति : बिरुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कला-संस्कृति हमारी पहचान रही है। हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को लेकर हमेशा संवेदनशील रहे हैं। झारखंड की आदिवासी कला और संस्कृति को और ज्यादा समृद्ध बनाने की जरूरत है। उक्त बातें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित होनेवाले विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के तहत झारखंड की चित्रकला शैली पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर कहीं। मंत्री दीपक बिरुआ ने कार्यशाला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन नागड़ा बजाकर किया। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी महोत्सव के मौके पर राज्य की आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि विश्व को झारखंड के आदिवासी समुदाय की संस्कृति से परिचित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव एक मंच है, जो हमारी संस्कृति को नया आयाम देगा। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा, संवर्धन को लेकर भी अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर टीआरआई की नमिता रानी टूटी सहित कल्याण विभाग के कई पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित थे। इस अवसर पर



### देश के अन्य राज्यों की आदिवासी संस्कृति का होगा समागम : कृपानंद

**इस** मौके पर विभागीय सचिव कृपानंद झा ने कहा कि इस आयोजन में नृत्य, गीत की परम्परा का भी प्रदर्शन होगा और पूरे देश की आदिवासी संस्कृति का समागम देखने को मिलेगा। कहा, हमें झारखंड की परंपरागत कला और संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए भी काम करना है। विभाग इसे लेकर काफी संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रदर्शनी में कुल 57 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### आदिवासियत को सामने लाने का एक प्रयास है महोत्सव: कल्याण आयुक्त

कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस महोत्सव में झारखंड की आदिवासी संस्कृति को उकेरा जाएगा। चित्रकला के लिए महोत्सव में एक बड़ा कैनवास लगाया जा रहा है, जिसपर आदिवासी संस्कृति से जुड़ी भावनाओं को महोत्सव में आने वाले लोग उकेर सकेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की चित्रकला के विशेषज्ञ भी इस कार्यशाला सह प्रदर्शनी में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

टीआरआई की नमिता रानी टूटी सहित कल्याण विभाग के कई पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम बेल अर्जी वापस लेने के लिए दायर की याचिका

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपित और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने सोमवार को अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी अग्रिम जमानत अर्जी वापस मांगी है। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दायर की है, जिसमें विनोद सिंह को भी अभियुक्त बनाया गया है। ईडी की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। इस केस के प्रमुख आरोपित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं और बड़गाईं अंचल का हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद है।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक कल




**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक, बुधवार, 07 अगस्त को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### मंईयां सम्मान नहीं मंईयां परेशान योजना : अमर बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महा ठग झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार एक और ठगी का प्रयास कर रही है, राज्य की जनता सावधान व सतर्क रहें। कहा कि इन्होंने महिलाओं से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीब महिलाओं के खातों में सालाना 72000 हजार रुपए दिए जाएंगे। इस हिसाब से पांच साल में 3.60 लाख रुपये होगा। परंतु चुनाव से पूर्व आखिरी 2-3 महीने के लिए, ठगने की योजना से ठगबंधन सरकार केवल 1000 रुपये देने वाली है। उन्होंने कहा कि 2019 का विधानसभा चुनाव ये ठगबंधन ने झूठे वादों पर लड़ा, इस बार यह चुनाव प्रलोभन के सहारे लोगों को ठग कर लड़ने की तैयारी है। कहा कि शिकारी आएगा,जाल बिछाएगा,दाना डालेगा,पर लोभ में आकर फंसना नहीं वाली ही स्थिति है। आज फिर से बिदाई की बेला में योजनाओं का सब्जबाग दिखाकर वोट लेने की साजिश रची जा रही।

### धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्यारोपी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत



**रांची।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या में बीते आठ वर्षों से जेल में बंद जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। पिंटू सिंह के अधिवक्ता जया कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पिंटू सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश ट्रायल कोर्ट में पहुंचते ही वह जमानत पर मुक्त हो जाएगा। ज्ञात हो कि इस मामले में आरोपी पिंटू सिंह 30 मार्च 2017 से जेल में बंद है।4 बार हाईकोर्ट व एक बार सुप्रीम कोर्ट से मिला था झटकाबीते 8 वर्षों में पिंटू सिंह ने चार बार झारखंड उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की थी, लेकिन हाईकोर्ट से उसे राहत नहीं मिली थी। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने पिछले 21 फरवरी को पिंटू सिंह की चौथी जमानत याचिका खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया था कि मामले का जल्दी निष्पादन करें। इस आदेश को पिंटू सिंह ने पिछले 3 मई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी कर 10 हफ्ते में जवाब मांगा था। अधिवक्ता जया कुमार ने बताया कि आज भी सुनवाई के दौरान सरकार व सूचक की ओर से तीन हफ्ते का समय मांगा जा रहा था, लेकिन अदालत ने समय देने से इनकार किया और पिंटू सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया।

## नई योजना केवल वसूली के लिए : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार का जन कल्याण से कोई लेना देना नहीं। योजना का दिखावा केवल लूटने के लिए हो रहा है। बचे चंद महीनों में भी यह दलाल बिचौलियों के लिए लूट का रास्ता खोल रही। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शुभारंभ के पहले दिन ही फॉर्म के नाम पर वसूली का शुभारंभ कर दिया गया है। हेमंत सरकार की चरणबद्ध योजना के तहत अभी फॉर्म के नाम पर, फिर पंजीकरण के नाम पर,



फिर सूची में नाम डालने के नाम पर और अंत में खाते में पैसे भेजने के नाम पर वसूली के सारे चरण पूरे किया जाएंगे। इसके तो हजारों उदाहरण पहले ही हिम्मतवाली सरकार ने पेश कर दिए हैं लेकिन फिर से एक बार एक नया वसूली का उदाहरण एक नई योजना के साथ पेश किया जा रहा है। इन सारी घटनाओं से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि हेमंत सरकार में योजनाओं को लाने का उद्देश जनकल्याण नहीं, बल्कि वसूली करने और कराने का है।

#### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जवानों को किया सम्मानित, कहा

## दिनभर मतदान का लक्ष्य जवानों से ही हुआ संभव

*लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में टीम भावना से किया गया कार्य : एवी होमकर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखण्ड में 5 बजे शाम के बाद चुनाव की परिकल्पना को 'इस बार दिन भर मतदान' से पूरा करने का काम प्रशासनिक पदाधिकारियों, पुलिस और सीआरपीएफ के सम्मिलित प्रयासों से ही हो सका। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी पर बाहर से आए पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया गया था जिससे उन्हें अपने कर्तव्य पर परेशानी न हो। लोकसभा चुनाव में पूर्व से योजनाबद्ध होकर टीम की भावना से कार्य किया गया। निर्वाचन केवल एक व्यक्ति के बेहतर प्रदर्शन से नहीं किया जा सकता था, इसके लिए हर एक स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए सहयोग की भावना से कार्य हुआ है। श्री होमकर ने कहा कि इस बार के लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस एवं सीआरपीएफ के बीच का समन्वय बहुत ही सुदृढ़ था। पूरे निर्वाचन के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में झारखंड में कार्य कर रही टीम ने टीम भावना से काम किया है।



#### झारक्राफ्ट ने दिल्ली में खोला अपना एक्सक्लूसिव शो-रूम, बोले सत्यानंद भोक्ता

## उत्कृष्ट उत्पादों के साथ रोजगार भी देता है झारक्राफ्ट

*दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित इंपोरियम सेंट्रल कॉटेज इंपोरियम में अब मिलेंगे झारक्राफ्ट के ऑर्गेनिक उत्पाद*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** देश में आर्गनिक हस्तकर्धा एवं वस्त्र उत्पादों का प्रमुख उत्पादक, झारखण्ड सरकार के उपक्रम के अंतर्गत आने वाले झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एंड हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) अपने उत्पादों के लिए देश विदेश में चिर परिचित नाम है। जिनके सिल्क को काफी सराहा जाता है। अपने उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को झारक्राफ्ट ने दिल्ली के जनपथ पर स्थित कॉटेज इंडस्ट्री के परिसर में अपना एक्लूसिव शो रूम खोला है। जिसका उद्घाटन उद्योग, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। इस अवसर पर सत्यानंद भोक्ता ने कहा की झारक्राफ्ट उत्कृष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज का परिसर विख्यात परिसर है। यहाँ न सिर्फ देश से अपितु विदेश से भी ग्राहक आते हैं। हमें आशा है कि हमारे इस प्रयास से झारक्राफ्ट को नए आयाम मिलेंगे। दिल्ली में पहली बार है कि सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर में किसी अन्य ब्रांड को स्थान मिला है, जो झारखंड के लिए उपलब्धि है। इस अवसर पर झारक्राफ्ट के महाप्रबंधक पंकज कुमार, सहायक महाप्रबंधक राहुल मिश्रा, कार्यप्रभारी हैंडलूम मनोज महतो और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### तसर रेशम उत्पादन करने में अग्रणी : कीर्तिश्री

झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री ने बताया की झारक्राफ्ट शुद्ध ऑर्गेनिक, चमकदार तसर रेशम का उत्पादन करने वाला अग्रणी उत्पादक है। झारक्राफ्ट प्रदेश के रीलरों, सूतकातकों, बुनकरों, शिल्पियों अन्य को रोजगार मुहैया करा रहा है। यहां हमारे उत्पादों में झारखण्ड की पारम्परिक कला सोहराई, जादूपटिया आदि के अलग कांथा, जयपुरी और अन्य का मिश्रण उपलब्ध है। हमारे उत्पादों में झारखण्ड की पारम्परिक शिल्प, साड़ियां, डिजाइनर कुर्ती, सलवार सूट, शाल, होम डेकोरेटिव प्रोडक्ट, चादर, बैग, और उत्पाद उपलब्ध हैं । झारक्राफ्ट इससे पहले झारखण्ड, मुंबई, दिल्ली, बंगलुरु, कलकत्ता में अपनी उपस्थिति के साथ था, इस नए शो रूम सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर के शो रूम से हमें बहुत अपेक्षा और बिजनेस आने की उम्मीद है।

### वस्त्र उद्योग को बढ़ा रहा है झारक्राफ्ट : प्रवीण टोप्पो

इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग की वृद्धि को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से झारक्राफ्ट ने ये नया कदम उठाया है। झारक्राफ्ट 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा के साथ हस्तकरघा एवं वस्त्र उद्योग में गुणवत्ता और नवीनता की ओर अग्रसर है। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग ने झारखंड के मिशन को सहयोग करने की प्रतिबद्धता को बढ़ा रहा है।

## रक्षाबंधन का पर्व रंग भेद, वर्ग भेद से रहित : डॉ सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड, के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा को पवित्रता की सूचक राखी बांधी। साथ ही, कुलसचिव डॉ विनोद को भी राखी बांधी गई। रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, जब सारी सृष्टि काम, क्रोधादि विकारों से मलीन हो गई थी, तब निराकार परमात्मा इस सृष्टि पर अवतरित हुए और ज्ञान वर्षा की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर परमात्मा का यही संदेश है कि हर एक व्यक्ति स्वयं की दिव्य शक्तियों को पहचानकर परमात्मा के साथ सत्य संबंध स्थापित कर अपने दुर्गुणों एवं नकारात्मक वृत्तियों पर विजय प्राप्त करे। इस प्रकार सच्ची राखी बांधेंगे, तब हमारा एक नया जन्म होगा। इसे हम आध्यात्मिक जन्म अथवा उच्च जीवन कह सकते हैं। इस अवसर पर रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा, राखी बांधने में भाई-बहनों की जाति, कुल, वर्ग, धर्म आदि भी आड़े नहीं आते अर्थात किसी भी जाति की या किसी भी देश की बहन किसी भी भाई को राखी बांध सकती है और भाई उसे सहर्ष स्वीकार करता है। यह भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'बसुधैव कुटुंबकम' का ही प्रतीक है। यदि रक्षाबंधन के पर्व की अंतर्निहित भावना को समझ कर इसे मनाएंगे, तो हमारा जीवन भी खुशहाली, अमन चैन से भरपूर हो जाएगा।



## एक नजर

### प्रखंड प्रमुख जयबुन निशा ने खेत में की श्री विधि से धान की रोपाई



**विष्णुगढ़ ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के द्वारा 'फूड एंड न्यूट्रीशनल सिक्यूरिटी (कृष्णाति योजना)' योजना अंतर्गत ग्राम बराई पंचायत -प्रखंड विष्णुगढ़ बराई जिला हजारीबाग में बिलाल अंसारी के खेत में श्री विधि से धान की रोपाई की गई। जिसमें प्रखंड प्रबंधक उमेश कुमार राणा के द्वारा श्री विधि की तकनीकी जानकारी विस्तृत रूप से दी गई एवं धान की रोपाई में लोगों के साथ रोपाई भी किया। प्रखंड विष्णुगढ़ की प्रमुख इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा कृषक मित्र राजेंद्र प्रसाद एवं अन्य प्रगतिशील कृषक बंधु उपस्थित थे।

### बसरिया ग्राम के प्रवासी मजदूर बीरबल दास की कोलकाता में हुई मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।इस क्रम में सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के बसरिया ग्राम निवासी मिट्ठू रविदास का 19 वर्षीय पुत्र बीरबल दास की कोलकाता में आकस्मिक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की चीख,चित्कार से गांव में मातम पसर गया। परिजनों ने बताया कि मृतक विगत 15 दिन पूर्व ही घर से रोजी रोटी की तलाश में कोलकाता गया था, जहां वह धर्म तल्ला के जाम नगर स्थित एक होटल में दैनिक मजदूरी का कार्य करता था। जहां ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। तबियत बिगड़ते देख होटल मालिक व अन्य होटल कर्मियों ने आनन-फानन में उन्हें पीजी हॉस्पीटल ले जाकर भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि मृतक बीरबल दास का जन्म छः बहनों के बाद एक मात्र चिराग के रूप में हुई थी ।तब से परिवार में खुशियां थी । बीरबल का एक छोटा भाई भी है ।

### पूर्व विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बड़कीटांड़ में सरना क्लब के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, गोरहर मुखिया प्रेमिका कुमारी, पंस सदस्य आमना बीवी, पंसस ज्योति कुमारी, पंसस लखन महतो, उपमुखिया सहदेव पासवान, अरुण कुमार महतो उपस्थित थे। मैच का उदघाटन जानकी यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि फुटबॉल भारत का लोकप्रिय खेल रहा है। खेल से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ अनुशासन भी सिखाता है। उदघाटन मैच डुमरियाटांड़ और बभनी टीम के बीच हुआ।

पांच की शेष खबर पेज छह पर भी देखें

### डायवर्सन बहने से लोगों को आवागमन में परेशानी मरम्मत करने का निर्देश



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुआ स्थित बरसाती नदी में बना डायवर्सन पिछले दो दिन की तेज बारिश में बह गया ।ज्ञात हो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कल्हाबाद से केंदुआ तक सड़क निर्माण कार्य की मजबूतीकरण व विशेष मरम्मती हो रही है। इस बीच दो नदी इस रास्ते मे आते है ,दोनों पुराने पुल को तोड़कर नया पुल का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन बनाये गए डायवर्सन इस बारिश में बह गए जिससे आवागमन में काफी समस्या आ रही है। इस बाबत जेई रत्नेश कुमार ने बताया कि डायवर्सन बनाया गया था लेकिन बरसात में यह नही चल सका ।इसकी मरम्मती शीघ्र करने का निर्देश संवेदक को दिया गया है।

बरही एसडीपीओ की कार्रवाई पर विधायक ने उठाया सवाल, कहा

# अपराधियों को बचा रहे हैं एसडीपीओ

## कोई पक्षपात नहीं, तथ्य साबित होते ही अपराधी जाएंगे जेल : सुरजीत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गत रविवार को एनएच आईबी में कांग्रेस ओबीसी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार पर पूर्व विधायक के दबाव में अफीम तस्कर और शराब माफिया को बचाने और अपनी उपस्थिति में उनके घर पर हमला करवाने का आरोप लगाया है. उन्होंने यह भी कहा कि बीते 1 जून को चौपारण के बगनबीघा निवासी संतोष यादव पिता प्रयाग यादव के घर पुलिस ने छापेमारी कर अफीम और डोडा की मशीन जब्त किया. इस संबंध चौपारण पुलिस ने नशीले पदार्थ रखने के जुर्म में कांड संख्या 187/24 दर्ज करते हुए संतोष यादव को प्राथमिक अभियुक्त बनाया. परंतु पूर्व विधायक के दवाब में एसडीपीओ सह एएसपी ने मुख्य अभियुक्त को जेल भेजने के स्थान पर संरक्षण देने का काम किया. एसडीपीओ ने मुख्य अभियुक्त को बचाते हुए चौकीदार पवन कुमार टूटी को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया. उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण कांड संख्या 253/24 जो कि अपहरण का मामला है. इस कांड के मुख्य अभियुक्त को भी एसडीपीओ ने संरक्षण देकर जांच की दिशा को बदलने का कार्य किया है. दोनों कांड के अभियुक्तों को एसडीपीओ पूर्व विधायक के कहने पर बचा रहे है. उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण पुतला दहन प्रकरण में 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है. महीनों बाद अब तक कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ सह एएसपी

विधायक के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि मामला अनुसंधान रत है. अभी कुछ लोगो को जेल भेजा जा चुका है. अनुसंधान चल रहा है, पुष्टि होते ही अनुरअभियुक्तों को भी जेल भेजा जायेगा. अनुसंधान में किसी भीं प्रकार का पक्षपात नहीं किया जा रहा है अथवा किसी का भी कोई दबाब नही है. पुलिस निष्ठता पूर्वक कार्य कर रही है. घटना में संलिप्त कोई भी अपराधी नही बचेगा. प्रेस वार्ता में कांग्रेस ओबीसी स्टेट कॉर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, करियारपुर मुखिया मनोज कुमार, अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता में लगाया था आरोप

बीते 25 जुलाई को पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता कर वर्तमान विधायक और उनके पुत्र रवि शंकर अकेला पर शराब और अफीम तस्करी सहित कई संगीन आरोप लगाये थे. उन्होंने चौपारण चतरा रोड स्थित विधायक आवास को बाप बेटे की फैक्ट्री का संज्ञा देते हुए शराब और अफीम निर्माण की फैक्ट्री का संज्ञा दिया था।

'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

# युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए मैं सदैव कार्यरत हूं : शेफाली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड में दिन सोमवार को शुरूआत हुई। कटकमदाग प्रखण्ड के ढेंगुरा स्थित फुटबॉल मैदान एवं कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कटकमसांडी फुटबॉल मैदान में टुर्नामेंट आयोजित किया गया है। कटकमसांडी प्रखण्ड में शुरूआती पहला मुकाबला कंचनपुर पंचायत बनाम आराभुषाई पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें आराभुषाई पंचायत की टीम विजयी हुई। दूसरा मुकाबला डाटो खुर्द बनाम लुपूंग पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें लुपूंग पंचायत की टीम विजयी हुई। तीसरा मुकाबला रोमी पंचायत बनाम खुटरा पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें खुटरा पंचायत की टीम विजयी हुई। कटकमदाग प्रखण्ड में शुरूआती पहला मुकाबला पसई पंचायत बनाम मसरातु पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। दूसरा मैच सलगावां पंचायत बनाम कटकमदाग पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। तीसरा मैच नवादा पंचायत बनाम अद्रा पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। चौथा मुकाबला सुलताना पंचायत बनाम कुसुंभा पंचायत के बीच मुकाबला खेला गया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड में खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टुर्नामेंट का शुरूआत किया गया है। फुटबॉल के प्रति खिलाडियों का रूझान काफी शानदार है। युवाओं की बेहतर भविष्य के लिए मैं सदैव कार्यरत हूँ और भविष्य में भी सदैव कार्यरत रहूंगी। मौके पर विशेष रूप से विकास कुमार, रंजीत अग्रवाल, साजन सिंह, सरोज कुमार, विकु कुमार, संदीप कुमार, रितेश कुमार, साहिल कुमार राम, चिन्तामन भोक्ता, लीलो राम एवं नरसिंह राम सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## बरही के सीआई का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में हुई पदोन्नति




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अंचल कार्यालय के सीआई सतीश कुमार सिन्हा की पदोन्नति सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में हुई है. जो बीते 1 जून को धनबाद में अपना योगदान दे चुके है. सोमवार को राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक को अपना प्रभार सौप बरही अंचल कार्यालय से विदाई लिया. इस अवसर पर अंचल कर्मियो ने विदाई समारोह का अयोजन कर श्री सिन्हा को भाव भीनी विदाई दी. कार्यक्रम में अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो सहित अंचलकर्मियो ने भावभीनी विदाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया. अंचलाधिकारी ने बताया कि श्री सिन्हा एक निष्ठित और उजार्वान अधिकारी के रूप में अंचल में सेवा देने का काम किया. अपने कार्य और मृदुल व्यवहार से लोगो को संतुष्ट करने का कार्य किया. इस अवसर पर पदोन्नति प्राप्त सीआई ने बताया कि अगस्त 2022 में उनका तबादला विष्णुगढ़ प्रखंड से बरही हुआ था. पूरे दो वर्ष की अवधि में सबों से सामंजस्य स्थापित कर हर संभव कार्यों को निष्पादित करने का कार्य किया. जिसमे अधियारियों और कर्मियो का सार्थक सहयोग मिला. विदाई समारोह में प्रभारी अंचल निरीक्षक रितलाल रजक, राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, अंचल कर्मी जीवलाल रविदास, सागर कुमार, सहोदर पासवान, नारायण राम, मुंशी पासवान, उर्मिला देवी, अताउल्लाह मुस्तफा आदि मौजूद थे.

## झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारियों की 9 सूत्री मांगें जायज : डॉ आरसी मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड अनुसचिवीय समाहरणालय कर्मचारी संघ द्वारा पिछले 22 जुलाई से झारखंड के संपूर्ण जिला समाहरणालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं ।इसी दौरान डॉक्टर आरसी प्रसाद . मेहता ने धरना जाकर 9 सूत्री मांगों का निरीक्षण किया और पाया कि इनका अधिकांश मांग जायज है। सरकार इनके मांगों का अभिलंग पूरा करें क्योंकि मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के धरना पर जाने के कारण अनेकों विकास के कार्य रुका हुआ है । समाहरणालय कर्मचारियों के नहीं रहने से जनता का काम नहीं हो रहा है जनहित के लिए सरकार इसको संज्ञान में लेकर वार्ता कर उनके उचित मांगों को तत्काल पूरा करें। यह बातें कांग्रेस नेता सह हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल के सभा में कहा। मेहता ने कहा की पहला मांग बेसिक वेतन रू1900 से ?2400 कोई बड़ी मांग नहीं है योग्यता अनुसार पदोन्नति करना, पदोन्नति का कल 8 वर्ष से घटकर 4 वर्ष किया करना,निम्न लिपिक के स्थान पर समाहरणालय सहायक, कार्यालय अधीक्षक के स्थान पर प्रशासनीय अधिकारी इत्यादि उचित मांग है । अनुबंध कर्मियों का सेवा नियमित किया जाए कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार पासवान ने कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री को इसका ज्ञापन दे चुका हूं, साथ ही मंत्री एवं विधायक को इसका ज्ञापन दिया हूं।

पिंकी पोद्दार ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर कार्यक्रम का किया आयोजन

## बच्चों को दी पर्यावरण के महत्व की जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में 27 जुलाई से चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को 5 अगस्त को हर्ष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों के रूप में श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल एवं रामगढ़ इनरव्हील क्लब के सभी सदस्य शामिल हुए। अतिथियों ने अपने हाथों से बच्चों के बीच पौधों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है। हमें पृथ्वी पर अधिक मात्रा में पेड़ लगाना होगा, पेड़ों को कटने से बचाना होगा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को एक पौधा देकर सम्मानित भी किया गया तथा उन्होंने बच्चों को पौधे भी बांटे। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने विद्यालय के बच्चों से कहा हमें अधिक मात्रा में वृक्ष लगाने हैं। जिस प्रकार हम अपने मां से प्रेम करते हैं उसी प्रकार हमें अपनी प्रकृति मां से भी प्रेम करना चाहिए। उसकी रक्षा करना, देखभाल करना हम सब का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि खाली पड़े स्थानों पर पेड़ लगाए,पेड़ों को कटने से रोकें,लोगों को इस विषय में जागरूक करें, अपने मित्रों तथा संबंधियों को उनके जन्मदिवस पर छोटे पौधे उपहार स्वरूप दें। उन्हें नष्ट होने से बचाना चाहिए। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, स्कूल कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हरियाली धरती माता का शृंगार व सुख-समृद्धि का प्रतीक : प्राचार्य



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के शिशु वाटिका खंड में नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा सोमवार को शुभ सावन माह के अवसर पर 'हरित दिवस'(ग्रीन डे) बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे हरे रंग के विभिन्न पेड़-पौधे,सब्जियाँ आदि के परिधानों में सजकर धरती को हरा-भरा करने तथा खुशियाली लाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हरियाली धरती मां का श्रृंगार एवं सुख-समृद्धि का प्रतीक है। यह सबके मन को लुभाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पेड़-पौधे,हरा-भरा स्वच्छ पर्यावरण एवं 'प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन' की जानकारी देना है। शिशु वाटिका प्रमुख अमृता चौधरी ने कहा कि बच्चे बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए हरे पेड़-पौधे की जानकारी प्राप्त किए।इसमें उनके अभिभावकों का भी प्रमुख योगदान है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या गायत्री कुमारी,पूनम सिंह, ललिता गिरी की प्रमुख भूमिका रही।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को भेजा जेल



**रामगढ़ ।** भदानीनगर पुलिस ने तीन वारंटियों टिंकू बेदिया, गोपी बेदिया, शंकर बेदिया को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में रामगढ भेज दिया। तीनो वारंटी लपंगा कॉलोनी निवासी बंधन बेदिया के पुत्र हैं।

### बजरंग दल के कार्यकर्ता अमरनाथ यात्रा के लिए हुए रवाना



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा के प्रांगण से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता अमरनाथ चट्टानी एवं वैष्णो देवी के यात्रा के लिए जथा के रूप में विभागीय मंत्री दीपक शंकर के नेतृत्व में रवाना हुए। हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में बूढ़ा अमरनाथ जाने वाले दीपक शंकर, सुनील केसरी, पंकज सिन्हा, विजय पांडे, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार, संतोष कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार, धनंजय पांडे, कार्यकर्ता एवं अधिकारी पूजा अर्चना किया। हजारीबाग नगर भ्रमण करते हुए बुढ़वा महादेव पहुंचे पूजा अर्चना की एवं बस से कोडरमा रवाना हुए कोडरमा से 7:30 बजे के ट्रेन से यात्रा करेंगे, यह यात्रा 10 दिनों की है। डा. शिवदयाल सिंह, डॉ बी के सिंह, महंत विजयानंद दास, प्रभात कुमार उर्फ पम्मु, विजय सिंह, प्रदीप प्रसाद, मुन्ना सिंह, हर्ष अजमेर, चंदन राठौर, भैया अभिमन्यु प्रसाद, शेफाली गुप्ता, सोनम सिन्हा, भैया संदीप, प्रभात प्रधान, आनंद देव, नमन ठाकुर, अंजली कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

### झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने किसानों के साथ मनाया अपना जन्मदिन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन ने अपना जन्मदिन वृद्धा आश्रम की वृद्ध तथा कटकमसांडी रेवर ग्राम के ग्रामीण किसानों के साथ केक काटकर मनाया ।सर्वप्रथम महावीर स्थान चौक हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने लिए तथा हजारीबाग की जनता के लिए श्री राम प्रभु से हनुमान जी से आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा तथा लड्डू का वितरण किया। उसके बाद वृद्ध आश्रम में जाकर अपने परिवार से दूर रहकर जिंदगी व्यतीत कर रहे ऐसे वृद्ध माता ,बुजुर्गों के बीच केक काटकर अपने हाथों से खिलाया और उनका आशीर्वाद लिया । कटकमसांडी के रेवर पंचायत में ग्रामीण माता बहनों तथा किसानों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया तथा वहां के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।अपने जन्मदिन की उपलक्ष्य में ग्रामीण महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया तथा किसान भाइयों के साथ खेत में जाकर हल चलाया और रोपाई भी की । टोनी जैन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में अपना जन्मदिन मना कर तथा किसानों के साथ समय व्यतीत कर अपने आप मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं । मैं इन ग्रामीण भाई बहनों का आज कर्जदार हो गया हूं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाशपति ओझा ,सहयोगी सोनू गुप्ता ,शेखर गुप्ता,किशोर गुप्ता, निर्मला साहू सरजू साहू,अर्जुन प्रसाद,पवन कुमार,बदनी देवी चिंता देवी साहित्य सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला जदयू ने सरयू राय के पार्टी में शामिल होने पर जाहिर की खुशी



**हजारीबाग।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सरयू राय जस्यू में शामिल हुए हैं।प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि श्री राय के पार्टी में आने से झारखंड के संगठन को बल मिलेगा एवं उनके नेतृत्व में एनडीए मजबूत होगा साथ ही साथ झारखंड में जदयू नई मजबूती एवं ऊजार्वान होकर विधानसभा में अपनी मजबूत और दमदार उपस्थिति दर्ज करवाएगी।इस अवसर पर जिला जदयू ने प्रसन्नता जाहिर की है।हर्ष व्यक्त करने वाले नेताओं में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, प्रदेश सचिव एवं बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता, रामगढ़ प्रभारी मिथिलेश सिंह ,वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर जिला उपाध्क्ष अविरल बिहारी लाल, जिला सचिव श्रीमती सुजाता सिंह एवं अन्य नेता शामिल थे।

**आस्था**

यूथ विंग ने शिव भक्तों के बीच दूध व बेलपत्र का किया वितरण

# यह कदम समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का प्रतीक है : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
यूथ विंग के द्वारा सावन की तीसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर शिव भक्तों के बीच बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में दूध बेलपत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के कई समाजसेवी गण तथा चिकित्सा मुख्य रूप से उपस्थित होकर शिव भक्तों के बीच दूध बेलपत्र का वितरण किया। प्रातः 6:00 से प्रारंभ होकर निरंतर 10.30 बजे तक शिव भक्तों की सेवा की गई, सेवा के माध्यम से करीब 41 लीटर से भी अधिक दूध का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम से पूर्व संस्था के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। यह सेवा सावन के समस्त सोमवारी को दिया जायेगा। भक्तों ने हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के जयकारों के बीच दूध बेलपत्र को प्राप्त किया भक्ति गीत के बीच लोगों ने आनंदित होकर इस सेवा का लाभ लिया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी एवं उदित तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि दूध और बेलपत्र का वितरण किया, जो कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण है।

### सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा उपस्थित हुए । मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और गरीब एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।कहा, ₹इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है और किसानों की आय में वृद्धि की जा रही है। पशुपालन से संबंधित सभी आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि किसान इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें।

## मंईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह ने किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र में आयोजित मईयां सम्मान योजना के विभिन्न पंजीकरण शिविरों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दौरा किया और वहां उपस्थित माताओं एवं बहनों से मुलाकात की। मुन्ना सिंह ने प्रांतीयकृत पशु चिकित्सालय, वार्ड विकास केंद्र मांडईकलां (वार्ड नं 1), वार्ड विकास केंद्र दीपू गढ़ा (वार्ड नंबर 5), राष्ट्रीय हिंदी प्राथमिक विद्यालय मटवारी, राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय कोर्रा, हुड़हुदू (वार्ड न० 34, 35, 36), हेमन्टल स्कूल (वार्ड न० 13, 15, 16) तथा अन्नदा शिशु विद्यालय में आयोजित पंजीकरण शिविरों का जायजा लिया। मुन्ना सिंह ने पंजीकरण शिविरों में उपस्थित आंगबाड़ी सेविकाओं और पंजीकरण के लिए आई माताओं एवं बहनों से मिलकर उनसे चर्चा की और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। मईयां सम्मान योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हम सुनिश्चित करेंगे कि इसका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

## एक नजर

### दारू में तीसरे दिन भी मंईयां सम्मान योजना का सरवर रहा डाउन

**दारू।** दारू प्रखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सामान्य योजना का ऑनलाइन फॉर्म भरने को लेकर सभी पंचायत भवनों में लगा शिविर शनिवार । और सोमवार को तीनो दिन 9:00 बजे से महिलाएं अपने- अपने फार्म भरने के लिए अपने- अपने पंचायत भवन पहुंचने लगी एवं सभी प्रज्ञा केंद्र के संचालक जब लिंक खोलने लगे तो लिंक नहीं खुल रहा था महिलाएं तीसरे दिन सोमवार को भी का इंतजार करती रही, लेकिन लिंक चालू लिंक चालू होने का इंतजार कर भरे बगैर वापस लौट आई सभी लाभार्थियों नाखुश नजर आ रही थी।

### 31 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा 5 अगस्त को रामगढ़ जिले में लंबित कांड के वांक्षित/वारंटी/ फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़/ पतरातू के नेतृत्व में टीम गठित कर समकालीन अभियान चलाया गया। इस समकालीन अभियान के क्रम में रामगढ़ जिले के सभी थाना/ओपी क्षेत्र से कुल 31 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, ड्राइवर की मौत

**रामगढ़।** अरगड्डा नईसराय मुख्य मार्ग बुधबाजार के पास रोड अवैध बालू लेकर आ रहा ट्रैक्टर पलट गया। इसमें चालक की मौके पर दबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हेसला इंदिरा कॉलोनी निवासी रोहित बेदिया गिद्दी से अवैध बालू का ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। जीएम ऑफिस बुधबाजार के पास काफी तेज गति से यह पलट गया जिससे मौके पर ही रोहित बेदिया की मौत हो गई। ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड था। मौके गिद्दी थाना और रामगढ़ थाना पहुंची। गिद्दी थाना के सुनील कुमार महतो ने बताया कि यह हमारे क्षेत्र में नहीं आता यह रामगढ़ क्षेत्र का मामला है।

### 12 अगस्त से होने वाली केबीसी में दिखेगी कोडरमा की बेटी वैष्णवी

**झुमरी तिलैया।** टीवी शो में प्रसारित होने वाला कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में दुगनाष्ट्र सीजन 16 कार्यक्रम में कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया के गांधी स्कूल रोड निवासी वैष्णवी दिखेगी। 21 वर्षीय वैष्णवी पिता उमाशंकर भारती का चयन इसमें हुआ है। इस शो में वैष्णवी फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देते नजर आयेगी। टीवी शो में वैष्णवी को देखने के लिए आसपास के लोग व उनके शिक्षक काफी उत्साहित है। बता दें कि वैष्णवी ने अपनी पढ़ाई की शुरूआत गांधी स्कूल रोड स्थित आदर्श विद्यालय से शुरूआत की थी। इसके बाद कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर से 10वीं, सीएच स्कूल से 12वीं व जेजे कॉलेज कॉलेज से बीए पास की थी। वैष्णवी का केबीसी में चयन होने के बाद उनके परिवार का बैकग्राउंड टेलीविजन पर चलाने को लेकर 13 जुलाई को सोनी टीवी की टीम वैष्णवी की घर पहुंची थी और घर पर शूटिंग की।

**'उन्नति का पहिया' कार्यक्रम में विधायक ने विपक्ष पर साधा निशाना, कहा**

# लालची व भ्रष्टाचार किस्म के लोग सरकार की योजनाओं को कर रहे हैं बदनाम




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
सोमवार को प्रखंड कार्यालय, जलडेगा के सभागार में 'उन्नति का पहिया' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री साइकिल सह परिसंपत्ति वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित थे। सर्वप्रथम महिला समूह की दीदियों द्वारा विधायक एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके उपरांत कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने प्रखंड में उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित किया। मुख्य रूप से उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, सभा को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधायक ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है, जिससे कि सभी का विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, जंगल, जमीन, सभी महिलाओं और बुजुर्गों के जीवन सुधारने के लिए सम्मान राशि ये सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, सभा में मौजूद लोगों से उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग हमारी सरकार को बदनाम करने के लिए लगे हुए हैं, हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को विपक्ष के लोग योजनाओं को गलत साबित करने और उन्हें भ्रमित करने के लिए झूठा अपवाह फैला रहे हैं ताकि जरूरतमंदों को योजना का लाभ न मिले।

## शिविर के तीसरे दिन भी नहीं चला सर्वर, प्रखंड की चार पंचायतों में जमा हुए 3317 फॉर्म



**बरही ।** मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत शिविर के तीसरे दिन भी सर्वर पूरी तरह फेल रहा. लाभुको को मायूस होकर सिर्फ आवेदन फार्म जमा करके वापस लौटना पड़ा. शिविर के तीसरे दिन प्रखंड के रसोईया धमना, बरही पूर्वी पंचायत, दुलमहा और विजैया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया था. जिसमे आवेदन जमा करने के लिए लाभुको की भीड़ उमड़ पड़ी थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के तीसरे दिन सभी चारो पंचायत में कुल 3375 आवेदन प्राप्त हुए. जिसमे विजैया में 1015, दुलमाहा में 852, रसोइया धमना में 885 और बरही पूर्वी में 565 फॉर्म शामिल है. विदित हो कि राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 21से 50 वर्ष के महिला के लिए प्रति माह 1000 रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा किया है. इसी उद्देश्य से बीते 3 अगस्त से 10 अगस्त तक पंचायतवार शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है. प्रावधान के तहत आवेदन को ऑन द स्पॉट एंट्री करना है, क्योंकि इंट्री के समय आवेदिका का बायोमैट्रिक निशान के साथ ओटीपी भी लिया जाना है. परंतु पिछले तीन दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण प्रखंड में अब तक एक भी आवेदन इंट्री नही किए जा सके है.

## न्यूज बॉक्स

### दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिनों के विशेष अभियान की हुई शुरुआत



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में 'दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिनों का विशेष अभियान' के तहत सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में प्लेस ऑफ सेफ्टी में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन कर 'दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिनों का विशेष अभियान' के बारे में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में माननीया जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा आशा देवी भट्ट, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा मरियम हेमरोम, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-सह- प्रधान मजिस्ट्रेट सुभास बाड़ा एवं सहायक एल.ए.डी.सी.एस सुकोमल उक्त शिविर में मौजूद थे। उक्त शिविर में प्लेस ऑफ सेफ्टी के 43 किशोर उपस्थित थे।

### शिशु विद्या मंदिर में तीसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न



**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु/ विद्या मन्दिर लचरागढ़ में चल रहे प्रथम सर्वाधिक परीक्षा के तीसरे दिन सोमवार को कक्षा शिशु प्रवेश से दशम तक की परीक्षा ली गई। जिसमें कक्षा द्वितीय से पंचम तक शारीरिक वेश,षष्ठ में गणित,सप्तम में अंग्रेजी, अष्टम में विज्ञान,नवम में सामाजिक विज्ञान और दशम में हिन्दी की परीक्षा हुई।द्वितीय पाली में कक्षा प्रथम में गणित,द्वितीय में गणित ,तृतीय में अंग्रेजी ,चतुर्थ में हिन्दी,पंचम में अंग्रेजी की परीक्षा हुई।परीक्षा प्रमुख बिमल टेटे के निर्देशन में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। निरीक्षण प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू द्वारा किया गया।विद्यालय के सभी भैया/ बहन एवम आचार्य -आचार्या उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम में पंजियों को संधारित करने का डीसी ने दिया निर्देश



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था अर्न्तगत सिमडेगा जिले में संचालित विभिन्न घटकों जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, अधिसूचित सुरक्षा का स्थान, बालका गृह, बालिका गृह, विशेष दत्तक ग्रहण संस्था, चाइल्ड हेल्प लाईन के गतिविधियों की सामाजिक अंकेक्षण के उपरांत उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 'जिला स्तरीय जन सुनवाई' का आयोजन समाहरणालय सभागार किया गया।इस दौरान बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण ईकाई, किशोर न्याय बोर्ड, सहयोग विलेज बालक गृह, सहयोग विलेज बालिका गृह, स्पॉन्सरशिप, चाइल्ड हेल्प लाईन सहित अन्य स्थानों का मिशन वात्सल्य का सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पाई गई कमियों का जिला जनसुनवाई करते हुए उसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यालय द्वारा विभिन्न पंजियों का संधारण नहीं किया जाता था जिसके तहत उपायुक्त ने सभी पंजीयों का संधारित करने का निर्देश दिया।मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने विभागवार राजस्व-आंतरिक संसाधन वसूली की समीक्षा की



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व- आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने विभागवार राजस्व- आंतरिक संसाधन वसूली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आंतरिक संसाधनों से सरकार को होने वाले राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली गई। उन्होंने उत्पाद विभाग, खनन, मत्स्य पालन, परिवहन, राज्य- कर, नगर परिषद एवं नीलम पत्र के अलावे अन्य राजस्व आंतरिक संसाधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए वार्षिक रुप से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व- आंतरिक संसाधन संग्रहण की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को कहा कि जिले में जितने भी विभागीय तालाब हैं, ऐसे सभी तालाबों का विभाग द्वारा अधिग्रहित नहीं किया गया है, उसे भी अधिग्रहित करते हुए ससमय बंदोबस्ती कराकर उसमें भी मछली पालन कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत वैसी जगहों एवं स्थानों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जहां से राजस्व संग्रहण का कार्य किया जाता है। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला उत्पाद अधीक्षक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### प्रखंड युवा कांग्रेस ने कार्यसमिति का किया विस्तार, 11 पंचायत अध्यक्ष मनोनीत



**बरही ।** कोनरा पंचायत भवन में प्रखंड युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के बरही प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव और संचालन युवा नेता प्रयाग प्रसाद ने किया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव शामिल हुए. संगठन मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण विंदुओ पर चर्चा हुआ. सबों ने अपने विचार और सुझाव दिए. जिसे बैठक में सहानुभूति पूर्वक विचार किया गया. प्रखंड अध्यक्ष ने प्रखंड यूथ कांग्रेस का विस्तार करते हुए 11 पंचायत अध्यक्ष का मनोनयन की घोषणा करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा. साथ ही प्रखंड के शेष बचे 9 पंचायत अध्यक्षों के नाम की घोषणा शीघ्र करने की बात कही. नव मनोनीत पंचायत अध्यक्ष में सिकंदर कुमार दास धनवार, दिनेश दास मलकोको, लक्ष्मण दास दुलमाहा, पंकज कुमार केदारूत, दीपन चौधरी गौरिया करमा, अभिषेक कुमार पंचमाधव, सरफराज अहमद रसोईया धमना, धीरज कुमार बरही पश्चिमी, नसीम अख्तर कोनरा और रोहित कुमार करसो का नाम शामिल है. सभी पंचायत अध्यक्षों से पार्टी के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने और संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए कही गई.

## जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद,

> *शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनने के बाद डीसी सभी पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया*

जमीन बटवारा, बैंक खाता से अवैध पैसे की कटाई, भारी बारिश से घर गिरने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये।उपायुक्त महोदय द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

**झारखंड पार्टी की बैठक में बोले पूर्व मंत्री एनोस एक्का**

# पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
झारखंड पार्टी की बैठक गत रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आनंद ने की। बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा नेत्री आईरीन एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती और विस चुनाव पर चर्चा की गई। एनोस एक्का ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में पार्टी के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ कार्य कर रहे है जिसके कारण प्रतिदिन झापा का परिवार बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी के माध्यम से जनता की समस्या का समाधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधियों के कार्यो की तुलना करते हुए लोगों को सच्चाई से अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि झापा ही क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास कर सकती है। बैठक को अन्य झापा नेताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों को पार्टी का अंग वस्त्र भी देकर सम्मानित किया गया। बैठक में हर्ष बारला, जिशान खान, सुरजन प्रधान, मोहन अजय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना का सर्वर तीन दिन से फेल, प्रपत्र ऑनलाइन नहीं होने से लाभुक परेशान

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी में झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का सर्वर लगातार तीन दिन से फैल रहने के कारण लाभुकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।विदित हो कि 21 से 49 वर्ष तक की महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना है ।इसके अंतर्गत योग्य महिलाओं को प्रति माह ?1000 की राशि उनके खाते में हस्तांतरित करने का प्रावधान किया गया है। इस निमित चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बहुत अच्छी व कल्याणकारी योजना है।कहा कि सरकार द्वारा योजना तो लागू कर दिया गया लेकिन आज 3 दिन बीत जाने के बाद भी प्रपत्र ऑनलाइन के लिए सर्वर नहीं चल रहा है।

## सावन माह में नंदी बाबा की महिमा और नंदी बाबा चौक की है कई रोचक कहानी

**झुमरी तिलैया।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है और सभी लोग भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं। सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान नंदी बाबा को कान में बोलने की परंपरा का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। नंदी, भगवान शिव के परम भक्त और वाहन हैं, और उन्हें भगवान शिव का द्वारपाल भी माना जाता है। शिव मंदिरों में नंदी की मूर्ति अक्सर शिवलिंग के सामने स्थापित होती है। ऐसी मान्यता है कि नंदी बाबा, भगवान शिव के निकटतम और प्रिय भक्त हैं, और उनकी पूजा के समय उनके कान में अपनी मनोकामनाएं या प्रार्थनाएं कहने से वह सीधे भगवान शिव तक पहुंच जाती हैं। शहर का एक ऐसा चौक है जिसका नाम नंदी बाबा के नाम पर रखा गया है और इसकी एक बहुत ही रोचक कहानी है। उदय सिंह बताते हैं कि नंदी महाराज अक्सर सब्जी मंडी, खुदरा पट्टी, सोना पट्टी, और दर्जी मोहल्ला में घूमते थे। मोहल्ले के लोग उन्हें जो भी संभव हो खिलाते थे। उदय सिंह की सब्जी की गद्दी थी, जहां नंदी महाराज हर दिन आते और उन्हें कच्ची सब्जियां खिलाई जाती। जब उदय सिंह ने सब्जी की गद्दी बंद कर किराना दुकान खोली, तो वहां भी नंदी महाराज आने लगे। उदय सिंह सहित सभी मोहल्ले वाले नंदी महाराज को भोजन कराते थे। खुदरा पट्टी सत्यनारायण मंदिर के प्रांगण में भी नंदी बाबा जाया करते थे। उदय सिंह बताते हैं कि जो भी व्यक्ति बैलगाड़ी पर सामान लाद कर उस जगह आता, नंदी महाराज उसे खदेडते थे।

> **चौक का नामकरण और सेवा की शुरुआत**
>
> ट्रस्ट के सदस्य बताते हैं कि 2 मई 2000 को नंदी महाराज की मृत्यु हुई और जिस स्थान पर उनकी मृत्यु हुई, उसी दिन से चौक का नामकरण नंदी बाबा चौक कर दिया गया। उस समय झरनाकुंड से भक्त ध्वजाधारी धाम के लिए उसी रास्ते से जाते थे।

### तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर से टकरा कर खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**चंदवारा।** चंदवारा थाना अंतर्गत जामूखाड़ी स्थित झींगा होटल के पास रविवार को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जाकर टकरा गई। इस घटना में कार सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान 25 वर्षीय मुकुल कुमार,पिता- मोहन साव,बिहार के फतुहा निवासी के रूप में हुई है। घायलों की पहचान चंदन कुमार और राहुल कुमार, बिहार निवासी के रूप में हुई है। एक अन्य घायल की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि घटना इतना जबर्दस्त थी कि मृतक का शव कार में बुरी तरह फंस गई थी,जिसे काफी मशक्कत के बाद थाना लाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजन के आने के बाद हीं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई कंपनी के साथ वार्ता**

## मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये व एक को नौकरी देगी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कोनहारा खुर्द,ग्राम घंघरी निवासी अख्तर अंसारी का निधन बीते दिनों सड़क निर्माण कम्पनी राजकेशरी प्लांट,कोसमा में ड्यूटी के दौरान हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर आस पास के सैकड़ो लोग व जन प्रतिनिधि वहां पहुँचे और कंपनी के गेट को जाम कर दिया। कंपनी के पदाधिकारियों और बरही एसडीपीओ, बीडीओ बरकट्ठा, थाना प्रभारी बरकट्ठा और पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में अन्य जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीणों के साथ वार्ता हुई। वार्ता के दौरान तय हुआ कि मृतक अख्तर अंसारी के आश्रितों को 04 लाख रुपये मुआवजा राशि मिलेगा। जिसमें 02 लाख नकद मिला औ? 02 लाख के चेक दिया गया। वहीँ परिजन के एक सदस्य को कंपनी में नौकरी सहित बीमा का पैसा देंने की बात के बाद जाम हटाया गया। वहीं पूर्व विधायक ने राजकेशरी कंपनी से सुरक्षा मानक का घोर उलंघन करने का आरोप लगाया। कहा कि आज तक दर्जनों मौत का सौदागर हो गयी है कंपनी। यदि अब भी सुधार नहीं लाया गया तो जन आंदोलन का सामना करने को तैयार रहें।

## आयोजन

**स्वतंत्रता दिवस को लेकर डीसी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

# सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन के लिए समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में प्रातः 9: 05 बजे झंडोतोलन आयोजित होगी। राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन के लिए समय का निर्धारण किया गया। जहां 8:15 बजे पूर्वाह्न में उपायुक्त आवास, 09:05 बजे पूर्वाह्न में परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, 10:20 बजे पूर्वाह्न में समाहरणालय, 10:35 बजे पूर्वाह्न में पुलिस केन्द्र, बजे पूर्वाह्न में नगर परिषद, 11:15 बजे पूर्वाह्न में अनुमण्डल कार्यालय एवं 11:25 बजे पूर्वाह्न में समादेष्टा कार्यालय में झण्डोत्तोलन होगा।वहीं उपायुक्त ने जिला परिषद् में झंडोत्तोलन का समय में परिवर्तन करने की बात कहीं। राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन, पूर्वाभ्यास, विधि-व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, मंच एवं बैरिकेटिंग की व्यवस्था, साफ-सफाई, शराब बन्दी, स्वास्थ्य एवं पेयजल सुविधा सहित अन्य कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। परेड में विद्यालय के छात्र- छात्राएं भी भाग लेंगे। शहर की साफ- सफाई हेतु नगर परिषद् को निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में सभी शराब दुकान बन्द रहेंगे, इसे उत्पाद अधीक्षक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दुवाईयों के साथ

> *शहर की साफ-सफाई के लिए नगर परिषद को सख्त निर्देश दिया गया कि उस दिन किसी जगह कचरा न हो*

चिकित्सक दल एवं एम्बुलेंस प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होने संबंधित पदाधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।अग्निशमन पदाधिकारी भी अग्निशमन वाहन तैनात रखेंगे। पूर्वाभ्यास -10.08.2024, 11.08.2024 एवं 12.08.2024 को पोशाक में 9:30 बजे से 11:30 बजे पूर्वाह्न तक परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में किया जाएगा।

## शीशम की लकड़ी उठाने आए वनकर्मियों की मुखिया पति से हुई तीखी बहस, सूखे पेड़ कटवाने की मांग

**दारु।** बरसात के कारण कुछ दिन पहले एन एच 522 सड़क पर सीसम के चार बेसकीमती पेड़ गिर गये थे।इस पेड़ को ठिकाने लगाने के रातो रात लकड़ी कारोबारी सक्रिय हो गये और पेड़ को साइज के अनुसार काट कर ठिकाने लगाने लगे। मीडिया ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए इसे अखबार मे छापने के साथ साथ और सोशल मीडिया के माध्यम से वन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक जानकारी पहुंचाई। इसके बाद वन विभाग सक्रिय होकर करीब पांच ट्रेक्टर सीसम की कीमत्ती लकड़ी जप्त किया। इस दौरान हरली मे लकड़ियों को उठाने वन विभाग के कर्मी पहुंचे। मुखिया फरजाना खातून के पति मोहम्मद फारुखुद्दीन की वनकर्मियो से तीखी बहस हो गयी। फारुख ने कहा कि आपलोग सिर्फ कीमती लकड़ियाँ उठाने आते है हरली निवासी विजय कुशवाहा के घर पर सीशम का सुखा पेड़ कभी भी गिर सकता है इसे काट कर पहले ले जाइये फिर लकड़ी उठाने मिलेगा। इस मामले को।लेकर मुखिया पति और वनकर्मियों के बीच काफी तीखी बहस होने लगी वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। मुखिया पति का कहना है कि जिनगा से पिपचो तक ए न एच 522 के किनारे दर्जनों सूखे पेड़ है पर विभाग इन पेड़ो को कटवाने की तरफ कभी भी धयान नहीं देता है सिर्फ लकड़ियों को जप्त करने आता है। इन घरों के ऊपर यदि पेड़ गिर जाने पर यदि जानमाल कि।





*राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में भेंट की।*

# पैसे लेकर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म देने का आरोप

## मामला तिसरी प्रखंड के बेलवाना आंगनबाड़ी का

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर पूरे राज्य में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 भत्ता देने की कवायद की जा रही है। इसी को लेकर तिसरी प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में भी शिविर का आयोजन किया गया है, इस योजना के लिए आवेदन फॉर्म बाँटने की जिम्मेवारी आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई है। वहीं प्रखंड के बेलवाना गांव की कुछ महिलाओं ने आंगनबाड़ी सेविका पर पैसे लेकर फॉर्म देने का आरोप लगाया है। ग्रामीण रुबीना खातून ने बताया कि वे जब फॉर्म लेने आंगनबाड़ी सेविका के पास गयी तो उनसे 100 रुपए लिया गया तब उन्हें फॉर्म भर के दिया गया। रजिया खातून ने भी कहा कि आंगनबाड़ी सेविका द्वारा उनसे भी फॉर्म के बदले 100 रुपए लिए गए। ग्रामीण मो रईस ने बताया कि उक्त आंगनवाड़ी केंद्र हमेशा बंद रहता है। टीकाकरण या पदाधिकारियों के आने पर ही आंगनबाड़ी केंद्र खोला जाता है। सेविका सारे काम अपने घर पर ही करती है।



ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष, बीडीओ से की शिकायत वहीं ग्रामीणों ने इसकी शिकायत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल से की। रिंकू बर्णवाल बेलवाना आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे जहाँ केंद्र पर ताला लगा था। वहीं ग्रामीणों पैसे लेकर फॉर्म देने की बात कही। जिसके बाद प्रखंड अध्यक्ष ने मौके से ही तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार को फोन कर इस मामले की जानकारी दी। वहीं इस मामले में फोन पर पूछे जाने पर आंगनबाड़ी सेविका खतिजा बानो ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# शिक्षक की हुई नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में सोमवार को संविदा के आधार पर जीव विज्ञान विषय में शिक्षक नियुक्ति के लिए गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की और से साक्षात्कार का आयोजन किया गया। मौके पर गिरिडीह के एडिशनल कलेक्टर विजय सिंह बिरुआ और डीईओ मो वसीम अहमद, जामताड़ा जवाहर नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्या प्रीति श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

एडिशनल क्लेक्टर और डीईओ के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सभी का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। बता दें कि बता दें कि गांडेय जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय ने संविदा के आधार पर जीव



विज्ञान के लिए एक शिक्षक का विज्ञापन प्रकाशित किया था।

साक्षात्कार के लिए दो उम्मीदवार पहुंचे हुए थे। दोनों उम्मीदवारों का कागजी दस्तावेज जांच करने के बाद साक्षात्कार किया गया। इस विषय में गांडेय के प्राचार्य उपेन्द्र नाथ चौबे ने कहा कि चयन प्रकिया के नियमों का पालन करते हुए एक उम्मीदवार का चयन शिक्षक के रुप में किया जाएगा।

# देर शाम तक शिवालयों में गूंजता रहा बोल बम का जयकारा

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

पवित्र सावन महीने की तीसरी सोमवारी पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी शिवालयों में देर शाम तक बोल-बम, ऊँ नमः शिवाय और हर-हर महादेव से वातावरण गुंजायमान रहा। सावन की शुरूआत के साथ चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया है। सावन की तीसरी सोमवार के पावन अवसर पर भक्त अपने आराध्यदेव शिव शंकर के ध्यान में लीन रहे। सोमवारी पर सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। देर शाम तक मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ अपने आराध्यदेव के दर्शन-पूजन के लिए लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर देखा गया। सोमवारी पर शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूर,



भांग आदि अर्पण किए। इसके अलावा अपने सामर्थ्य के अनुसार फल-मिठाई भी भगवान भोलेनाथ को अर्पण किए। सोमवारी के अवसर पर कई शिवालयों में भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। सावन की सोमवारी पर चांडिल अनुमंडल के जयदा स्थित ऐतिहासिक बुढ़ाबाबा शिव मंदिर, ईचागढ़ के चतुमुर्खी शिव मंदिर, जारगो महादेवबेडा शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखा गया।

## बांगुड़दा हाई स्कूल को अन्वेषा संस्था ने किया आर्थिक सहयोग

**जमशेदपुर।** पटमदा के बांगुड़दा स्थित 2 आदिवासी उच्च विद्यालय की छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड इंसिनरेटर खरीदने के लिए अन्वेषा संस्था, सोनारी की अल्पना भट्टाचार्य ने सोमवार को प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ को 15,000 रुपये का चेक सौंपा। उक्त राशि उन्होंने अपने निजी फंड से दी। ज्ञातव्य हो कि इस विद्यालय में लगभग 2000 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। जिसमें 1200 से ज्यादा छात्राएं हैं। माहवारी के समय पैड को डिस्पोज करना एक समस्या है। उक्त समस्या के निदान के लिए पैड इंसिनरेटर मशीन नहीं थी। जिसके लिए उन्होंने सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का परिवेश देखकर वहां संगीत एवं आत्मरक्षा के शिक्षक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर आशीष बनर्जी, चन्दना चटर्जी, ज्योत्षना मंडल, विश्वमिता ट्रस्ट की सचिव अमिता रानी, पतमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के प्रो। विश्वनाथ महतो, विवेकानंद दरीपा, प्राण कृष्ण, सुब्रत, तिलोत्तमा, ज्योत्सना किंगशुक, वकील राम, शुभ्रा महतो, ज्योति तिग्गा, अर्पिता मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## 0.05 मीटर बढ़ा डैम का जलस्तर खुला है चार रेडियल गेट

**चांडिल।** चांडिल डैम का चार रेडियल गेट खुले रहने के बावजूद डैम का जलस्तर घटने के बजाय बढ़ रहा है। गेट खुलने के बाद डैम का जलस्तर 0.05 मीटर बढ़ा है। रविवार को चांडिल डैम का जलस्तर 181.25 मीटर दर्ज किया गया था। इसके बाद चार रेडियल गेटों को खोल दिया गया था। इनमें एक रेडियल गेट को 35 सेंटीमीटर और तीन अन्य गेटों को 10-10 सेंटीमीटर खोला गया है। चार रेडियल गेट खुले रहने के बाद भी सोमवार को चांडिल डैम का जलस्तर 181.30 मीटर दर्ज किया गया। वैसे सोमवार को बारिश नहीं हुई। रविवार को भी बारिश नहीं के बराबर हुई थी। इसके कारण सोमवार दोपहर से ही चांडिल डैम का जलस्तर स्थिर बताया जा रहा है। संभावना है कि बारिश नहीं होने पर अब धीरे-धीरे डैम का जलस्तर घटने लगेगा। बारिश के बाद चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण ईचागढ़ गांव के निकट तक डैम का पानी पहुंच गया है। ईचागढ़ में बने नये पुल के पास डैम के पानी का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। विदित हो कि डैम का जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद रविवार को सुबह करीब आठ बजे चांडिल डैम के चार रेडियल गेटों को खोल दिया गया है।

## वन पट्टा मिलने से वंचित रहने पर वन विभाग के कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**चक्रधरपुर।** वन अधिकार अधिनियम के तहत वन पट्टा मिलने से वंचित रहने पर बंदगांव व चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न वनग्राम के ग्रामीणों ने सोमवार को चक्रधरपुर के वन विभाग कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जताई। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण वन पट्टा मिलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी आश्वासन देते हैं कि भौतिक सत्यापन के लिए गांव आएंगे, लेकिन अधिकारी भौतिक सत्यापन के लिए गांव नहीं पहुंचते हैं। इस कारण वन पट्टा से संबंधित कागजातों पर वन विभाग के अधिकारियों की हस्ताक्षर नहीं होने के कारण वन पट्टा मिलने में परेशानी हो रही है। वहीं भौतिक सत्यापन भी नहीं हो पा रहा है। जिससे वन पट्टा का लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है।

# तीसरी सोमवारी पर लोक समर्पण ने महाभोग का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

शहर की सामाजिक संस्था लोग समर्पण की ओर से सावन माह के तृतीय सोमवारी पर महाभोग का आयोजन किया गया। भालूबासा मेन रोड स्थित काली मंदिर प्रांगण में आयोजित महाभोग में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास समेत शहर के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अगुवाई में संस्था के सदस्यों ने आगन्तुक अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

वहीं, आयोजन स्थल पर विशालकाय बाबा बफार्नी के दर्शन कर स्थानीय निवासी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर संस्था लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के सबसे प्रिय सावन माह के तृतीय सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ को विधिवत भोग लगाने के पश्चात महाभोग का आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है। जिसमें शहर के गणमान्य



अतिथियों संग स्थानीय निवासी पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव से भोग ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभोग में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली। उन्होंने सभी का आभार जताया।

इस दौरान ये लोग रहे उपस्थित इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, शिवशंकर सिंह, राजीव रंजन सिंह, राकेश सिंह, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, विकास सिंह, बलबीर मंडल, अचिंतम गुप्ता, पुतुल सिंह, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, ब्रजेश सिंह, प्रेम झा, नीलू मछुआ, शैलेश गुप्ता, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, सतवीर सिंह सोमू, पोरेश मुखी, चंचल भाटिया, मिथिलेश साव, प्रशांत पोद्दार, कुमार अभिषेक, उमेश साव, सुशील पांडेय, पप्पू उपाध्याय, प्रोबिर चटर्जी राणा, रूबी झा, प्रभा देवी, रमेश विश्वकर्मा, सौरव चौधरी समेत संस्था के सचिव नीरज कुमार, अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, देव कैबर्ता, दीपक सिंह, रूपेश साहू, रितेश दत्ता, धीरज कैबर्ता, देवाशीष पोद्दार, सुभाष मुखी, गौरव केबर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सिंहभूम चैंबर के रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व उपाध्यक्ष (वित्त एवं कराधान) स्व. दिनेश चौधरी की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर सोमवार को चैम्बर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 140 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पारूल सिंह एवं टाटानगर रेलवे स्टेशन के एआरएम अभिषेक सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्व। दिनेश चौधरी के परिवार के सदस्य भी उपस्थिति रहे। मौके पर धालभूम एसडीओ व एआरएम ने चैम्बर के कार्यों की सराहना की।

# झारखंड में आदिवासी अधिकारों का हनन हो रहा है : देश परगना

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

माझी परगना माहाल, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, धाड़ दिशोम का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को देश परगना बाबा बैजू मुर्मू के नेतृत्व में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा से जिला सभागार में मिला. इस दौरान उन्हें 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया. जिसमें आदिवासी समुदाय को संविधान में प्रदत जल, जंगल व जमीन से जुड़े अधिकारों का हनन की बात कही गई। जिससे आदिवासी समाज मर्माहत एवं आक्रोशित है। कहा कि झारखंड प्रदेश में पेसा कानून को अविलंब लागू किया जाए। साथ ही सीएनटी, एसपीटी, सामता जजमेंट को सख्ती से लागू किया जाए। प्रदेश



में गैर कानूनी तरीके से बना रहे वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशनकार्ड आदि सरकारी दस्तावेज को रोका जाए। पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा गैर कानूनी तरीके से में बनाए जा रहे ग्राम प्रधान का मान्यता निरस्त करते हुए पारम्परिक परगना बाबा, मानकी बाबा द्वारा प्रमाणित पारंपरिक माझी बाबा, मुंडा बाबा एवं समाज के अगुआ को ही मान्यता दिया जाए।

## रोटरी क्लब इस वर्ष लगाएगा 30 हजार पौधे

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने बेल्डीह गोल्फ कोर्स में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्लब ने इस वर्ष लगभग 30 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। बेल्डीह गोल्फ कोर्स में पौधरोपण की पहल शहर की हरियाली बढ़ाने के क्लब के व्यापक मिशन का हिस्सा है। क्लीन सिटी ग्रीन सिटी के रूप में मशहूर जमशेदपुर में हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हो रहे हैं, जिसमें रोटरी क्लब इन प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ। अमित मुखर्जी, सचिव दीप्ति सिंह, डॉ.रवींद्र कुमार, एन.के.अग्रवाल, कमलेश तिवारी, अमिताभ बख्शी, एसडी प्रसाद और एमके झा शामिल थे।

# उषा महतो ने धान रोपाई कर किसानों का बढ़ाया हौसला

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो तिलैया जैसे पंचायतों में विगत कई दिनों से अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों के हौंसला अफजाई के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो, केंद्रीय सचिव महिला मोर्चा कुंती देवी, कुड़मी समाज के साधोबाद निवासी रोशना महतो अपनी महिला टीम के साथ रंजीत कुमार महतो के मरिचो पंचायत बेहराडीह गांव के रानी डुबा नामक बहियार खेतों में जाकर धान रापाई करके क्षेत्र के सभी किसानों से मिलकर हौंसला अफजाई किया। बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के मरिचो पंचायत आगमन पर बेहराडीह गांव में कुड़मी समाज के पुरखों से चली आ रही है। पारंपरिक संस्कृति रीति-



रिवाजों के अनुसार कांसा के लोटी पानी से धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो की पत्नी अंजू देवी के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। क्षेत्र के सभी महिला किसानों से मिलकर उनके जन समस्याओं से अवगत हुए। धान रापाई के दौरान उषा महतो, कुंती देवी, रोशना महतो, रंजीत कुमार महतो, मीना देवी आदि सभी किसान महिलाओं के द्वारा दर्जनों सुप्रसिद्ध कुड़माली धान रोपनी गीत गाये। केंद्रीय महासचिव सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो के द्वारा धान रापाई शुभारंभ से सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के किसानों के बीच एक नया ऊर्जा का संचार हुआ। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा सह बलियापुर जिला परिषद उषा महतो, धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो, महिला मोर्चा के केंद्रीय सचिव कुंती देवी, नंदलाल महतो, निताई महतो आदि कई ग्रामीण किसानों की उपस्थिति हुई।


**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना (शुद्धि पत्र)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक 01.08.2024 को Advertisement PR No-331592 के द्वारा प्रकाशित करवाई गई थी। जिसमें परिमाण विपत्र का मूल्य 10000.00 (दस हजार) रूपये के स्थान पर टंककीय भूलवश 100000.00 (एक लाख) हो गया है। अतएव अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक 01.08.2024 में अंकित योजनाओं का परिमाण विपत्र का मूल्य 10000.00 (दस हजार) रूपये समझा जाय।

ह0/–
प्रशासक
PR 331898 (Urban Development) 24-25 (D) नगर पंचायत कोडरमा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।**
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/10/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के लापुंग प्रखण्ड अन्तर्गत पोला सेवन–डे से बेड़ो ककरिया मुख्य पथ भाया नदी टोली पथ में जमुनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 535.90 | 10,71,800 | 10,000 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
PR 331884 Rural Development(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/05/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड में जोन्हा मुसंगू मुख्य पथ से डव टोला के बीच पुलिया निर्माण। | 330.848 | 6,61,700 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
PR.NO.331905 Rural Development(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची**
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/07/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के राहे प्रखण्ड में महेशपुर पंचायत के महेशपुर गाँव से राहे प्रखण्ड मुख्यालय पथ में हाथीडुबा नदी पर पुल निर्माण। | 359.631 | 7,19,300 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची
PR 331897 Rural Development(24-25).D

संपादकीय

## विकास के लिए राजनीति नहीं, समन्वय चाहिए

केंद्र और राज्य सरकारों का संघर्ष भारतीय राजनीति में नया नहीं है पर अब स्थिति और भी जटिल हुई है। 27 जुलाई को हुई नीति आयोग की बैठक में गैर-भाजपा शासित राज्यों के करीब दस मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। इंडिया गठबंधन से अलग होकर ममता बनर्जी जरूर इसमें शामिल हुईं, लेकिन वह भी यह आरोप लगाकर बाहर निकल गईं कि उन्हें अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। हालांकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें नियमानुसार बोलने का पर्याप्त समय दिया गया। साथ ही बारी से पहले बोलने के उनके आग्रह को भी स्वीकारा गया। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने माइक बंद करने के आरोप को भी गलत बताया। इससे प्रधानमंत्री ने जो एजेंडा तय किया कि राज्यों के कल्याणकारी एवं विकासोन्मुख प्रशासन के वह कैसे वाहक बनेंगे, इस पर कोई विशेष चर्चा न होकर राजनीतिक चर्चा के रूप में ऋणात्मक संदेश गया। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों को मिलाकर नया केंद्रशासित प्रदेश बना देना चाहिए। इस बयान को भी ममता बनर्जी ने आड़े हाथों लिया और कहा कि वह बंगाल का विभाजन नहीं होने देंगी। इससे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आग-बबूला हो सकते हैं। निशिकांत के बयान को इतनी गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। वह एक संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि यानी सांसद के अलावा अन्य किसी जिम्मेदार पद पर नहीं हैं। लेकिन राजनीति में तिल का ताड़ बनते देर नहीं लगती। विपक्ष पहले से ही इस बात को लेकर हमलावर है कि भाजपा सरकार संविधान बदलना चाहती है। इस बयान को आधार बनाकर विपक्षी नेता आगामी कुछ महीनों में झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में भाजपा को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव की खबरें भी राष्ट्रीय समाचारों की सुर्खियां बनती रही हैं। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल की सरकारों के राज्यपालों से टकराव तो अदालतों तक पहुंच चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संसद में विपक्ष के मजबूत होने से संघवाद बनाम क्षेत्रवाद की लड़ाई कम होने के बजाय बढ़ती दिख रही है। लोकसभा चुनाव में एक तरफ सत्ताधारी दल भाजपा प्रभावशाली थी, तो दूसरी तरफ उसके विरोध में कई प्रांतों में क्षेत्रीय दल उठ खड़े हुए। यानी प्रतिस्पर्धा द्विदलीय न होकर भाजपा बनाम क्षेत्रवाद बन गई। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में द्रमुक ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी। चुनाव के पहले से ही मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और राज्यपाल आरएन रवि के बीच टकराव था। यहां तक कि राज्यपाल ने राज्य के संयुक्त विधानसभा सत्र की बैठक में अभिभाषण (जो राज्य सरकार द्वारा लिखित एवं अनुमोदित होता है) पढ़ने से इन्कार कर दिया था। समय की मांग है कि राजनीति जनहित में राज चलाने की हो।

> 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद संसद में विपक्ष के मजबूत होने से संघवाद बनाम क्षेत्रवाद की लड़ाई कम होने के बजाय बढ़ती दिख रही है।

# सतत हथकरघा पुनरुद्धार के लिए गुणवत्ता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण

10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



आज की बात



गिरिराज सिंह
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

हम 7 अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें हैशटैग #MyProductMyPride के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करने का भी आग्रह किया।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा, महिलाओं और हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियाँ की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी। एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। नवीन सामग्रियों एवं प्रक्रियाओं को अपनाकर हथकरघा बुनाई को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है।

आपकी बात

## योगी के तंज में छुपी भविष्य की राजनीति



डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, "यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी।" सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉमूर्ले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी। प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

विदेश की बात

## बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर सभी पर होगा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में रविवार को देश भर में हुई हिंसक झड़पों, गोलीबारी और जवाबी हमलों में लगभग 100 लोग मारे गए। जैसी संभावना थी शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो ही गया। देश की कमान अब सेना के पास है और उसने अंतरिम सरकार का गठन करवाने की बात कही है। शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए बांग्लादेश में जिस तरह का अभियान चलाया गया उसने दूसरे इस्लामिक देशों के सत्ताधारियों की नींद उड़ा दी है। शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना कट्टरपंथियों की बहुत बड़ी जीत है। मुक्तिवाहिनी के माध्यम से भारत ने बांग्लादेश को 1971 में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी जिस कारण पाकिस्तान अभी भी भारत के टुकड़े करने की बात करता है पर शेख हसीना भारत के प्रति सकारात्मक रहीं। पाकिस्तान के साथ चीन की भी बड़ी भूमिका बांग्लादेश के विद्रोह में बताई जाती है। जबकि बहाना 1972 में मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान था जिसे 2018 में सरकार ने समाप्त का दिया था। इस वर्ष जून में हाईकोर्ट ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैर कानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया जिसका व्यापक पैमाने पर विरोध हुआ। शेख हसीना सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जिसने हाईकोर्ट के आदेश को निलंबित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए दो प्रतिशत अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों के लिए आरक्षित होगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी लेकिन, इससे पहले विरोध प्रदर्शन उग्र हो उठा। विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने खालिदा जिया के नेतृत्व में लाखों की भीड़ जुटाकर शेख हसीना की कुर्सी को हिला दिया। बांग्लादेश में चल रहे प्रदर्शनों में सेना ने भी सरकार का साथ देने से मना कर दिया। बांग्लादेश की सिविल सोसायटी ने पाकिस्तान उच्चायोग पर कट्टरपंथी छात्र प्रदर्शनकारियों को समर्थन देने का आरोप लगाया है। कुछ रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान 'मिशन पाकिस्तान' समर्थक जमात से जुड़े छात्र प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग के संपर्क में है, जो बांग्लादेश में प्रतिबंधित है।

फेसबुक वॉल से

Raj Kumar
3h
जैसा कहा, वैसा किया ।।

हिन्दू अमरीश पुरी गोस्वामी · Follow
3d
बनाने वाले को साधुवाद।। क्या गजब दिखाया है और साथ मे सटीक डायलॉग फिट किये हैं, मजा आ गया।। आप भी आनंद लीजिये।। 😂😂🤣🤣🤣🤣🤣🤣



X से

GNTTv @GoodNewsToday · 1d
रात गंवाई सोय के, दिवस गंवाया खाय।
हीरा जनम अमोल सा, कोड़ी बदली जाय।।

ईश्वर अपनी कृपा आपके समस्त परिवार पर सदैव बनाएं रखें...🙏🙏

#Bhakti #चौपाई #spiritual #GNTBhakti #Kabirdas #KabirKeDohe

रात गंवाई सोय के, दिवस गंवाया खाय।
हीरा जनम अमोल सा, कोड़ी बदली जाय॥

अर्थ

संत कबीर जी कहते हैं की जो व्यक्ति इस संसार में बिना कोई कर्म किए रात्रि को सो कर और दिन भर खा कर ही व्यतीत कर देता है वह अपने हीरे तुल्य अमूल्य जीवन को कौड़ियों के

3 10 1K

कायदा-कानून

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध कानून बनाने में केंद्र की हिचकिचाहट



योगेन्द्र योगी

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लड़? वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## हमारी अनंत क्षमताएं



बोधि वृक्ष

> इस संसार की सम्भावनाएं असीम हैं मनुष्य की सम्भावित प्रगतिशीलता भी असीम है। प्रत्येक मनुष्य उस महान असीम परमात्मा की एक अभिव्यक्ति है।



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब हम मानव के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को समझना प्रारम्भ करते हैं, तो हमें यह अनुभव होता है कि वह कोई साधारण भौतिक प्राणी नहीं है। उसके भीतर बहुत-सी शक्तियां हैं जिनकी क्षमताओं का वह स्वयं को इस संसार की परिस्थितियों के अनुकूल बनाने में न्यूनाधिक मात्रा में प्रयोग करता है। उनकी क्षमताएं एक साधारण व्यक्ति की सोच से कहीं अधिक विशाल हैं। प्रत्येक छोटे बल्ब में प्रकाश के पीछे एक प्रबल वेगवान विद्युत- धारा है; प्रत्येक छोटी लहर के नीचे विशाल सागर है, जो अनेक लहरें बन गया है। अतः ऐसा ही मनुष्यों के साथ भी है। ईश्वर ने प्रत्येक मनुष्य को अपने प्रतिबिंब के रूप में रचा है, तथा प्रत्येक को स्वतन्त्रता दी है। परन्तु आप अपने अस्तित्व के स्रोत को तथा ईश्वर की उस अतुल्य शक्ति को भूल गए हैं जो आपका एक अन्तर्निहित अंश है। इस संसार की सम्भावनाएं असीम हैं, मनुष्य की सम्भावित प्रगतिशीलता भी असीम है। प्रत्येक मनुष्य उस महान, असीम परमात्मा की एक अभिव्यक्ति है। चूँकि आप परमात्मा की अभिव्यक्ति हैं, अतः आपको अपनी असीम क्षमताओं को व्यक्त करने का प्रयास करना चाहिये। आप वास्तव में जो कुछ हैं उस प्रत्येक वस्तु या व्यक्ति से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं जिसकी कभी भी आपने उत्कट कामना की है। ईश्वर आपमें जिस तरह से अभिव्यक्त हैं वैसे किसी अन्य मनुष्य में व्यक्त नहीं हैं। आपका चेहरा किसी अन्य व्यक्ति के चेहरे जैसा नहीं है, आपकी आत्मा किसी अन्य व्यक्ति की आत्मा जैसी नहीं है। **(क्रमशः)**

टेक की बात

## सावधान! एआई कंटेंट चुराया, तो पकड़े जाएंगे



दिव्यांशी भदौरिया

जबसे चैटजीपीटी आया तब से ज्यादातर इसका यूज कॉलेज और मीडिया हाउस में हो रहा है। सबसे ज्यादा इस्तेमाल इसका छात्रों के बीच हो रहा है। छात्र लोग भी इसका खूब यूज कर रहे हैं और अच्छे नंबर ला रहे हैं। ओपनएआई का चैटजीपीटी किसी भी टॉपिक पर लंबा लेख लिख सकते है, किसी भी लेख को छोटा लिख सकता है और उसे सजाकर प्वाइंटर में भी लिख सकते है। चैटजीपीटी का इस्तेमाल हर क्षेत्र में खूब हो रहा है। इसका प्रयोग कंटेंट मार्केट में काफी हो रहा है। लेकिन इस बीच खबर भी आ रही है कि ओपनएआई एक ऐसे टूल पर काम कर रहा है जिसके आने के बाद एआई टूल ही एआई कंटेंट की पहचान कर लेगा। दरअसल, चैटजीपीटी का प्रयोग कॉलेज और मीडिया हाउस में काफी हो रहा है। हमेशा यह विवाद रहा है छात्रों के इसके प्रयोग करने पर। छात्र लोग इसका इस्तेमाल खूब कर रहे हैं। गौरतलब है कि आजकल सभी चैटजीपीटी का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में ओपनएआई एक एंटी चीटिंग टूल पर काम कर रहा है, जो कुछ ही पल में एआई द्वारा लिखे गए कंटेंट को पहचान लेगा। तमाम कंपनियों और सरकार के बीच इस बात को लेकर लगातार बहस हो रही है कि एआई कंटेंट की पहचान कैसे करें। एक रिपोर्ट में ओपनएआई ने दावा किया है कि नया एंटी चीटिंग टूल अगले साल तक लॉन्च हो सकता है। इसके लिए कंपनी यूजर्स के बीच सर्वे भी कर रही है। बता दें कि इस बारे में ओपनएआई के प्रवक्ता ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को जानकारी दी है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## कांवरियों की मौत पर सीएम नीतीश ने जताया दुख
# परिजनों को दी चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता

> डीजे ट्रॉली में बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में माइक के आने से हादसा होने की आशंका है।





**एजेंसी। हाजीपुर**

बिहार के वैशाली जिले के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत हो गई। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजे की राशि दे दी गई है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सुलतानपुर गांव की है। डीजे ट्रॉली में बांधकर ले जाने के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार में माइक के संपर्क में आने से घटना होने की आशंका है। इस दुर्घटना में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में पांच से छह लोग घायल हुए हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) ओम प्रकाश ने बताया कि सभी मृतक सुल्तानपुर गांव के ही रहने वाले थे। ये सावन महीने में प्रत्येक रविवार की रात करीब 12 बजे पहलेजा घाट से गंगाजल भरने और हरिहरनाथ मंदिर जलाभिषेक करने निकले थे। तभी यह घटना घटी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद तत्काल बिजली कार्यालय को फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर, घटना के बाद लोग काफी आक्रोशित हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान भुगतान कर दिया गया है।

### बिहार के कटिहार में चार कांवरियों की मौत

**पटना/कटिहार।** बिहार में सोमवार को कटिहार जिले के मनिहारी में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार कांवरियों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, यह सभी लोग मनिहारी गंगा घाट में जल भरने जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। हादसे में चारों घायल हो गए। इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। मृत कांवरियों की पहचान सूरज कुमार और कृष्ण राम के रूप में हुई है। यह दोनों मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उड़ामा रेखा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दो अन्य की पहचान पूर्णिया के सरसी इलाके के रहने वाले के रूप में हुई है।

## तमिलनाडु के मंत्री के भगवान राम पर बयान से हमारा कोई लेना-देना नहीं : तेजस्वी यादव

**एजेंसी। पटना**



तेजस्वी यादव पत्नी के साथ राजधानी पटना में पहली बार मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए

तमिलनाडु सरकार में मंत्री एसएस शिवशंकर ने भगवान राम पर बीते दिनों विवादित बयान दिया था। राम पर दिए गए विवादित बयान पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि किसी को ठेस पहुंचे, ऐसे बयान नहीं देने चाहिए।

तमिलनाडु सरकार के मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे। कहा कि उनकी मौजूदगी से संबंधित कोई सबूत नहीं है। उनके इस बयान के बाद से देशभर में उनका विरोध किया जा रहा है। इस पर राजनीति भी तेज हो गई।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है। कौन क्या बयान देता है, इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। यह हमारी अपनी आस्था का मामला है। धर्म को लेकर जो बहस छिड़ती है, वह सभी का आंतरिक मामला है। लोगों को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। तमिलनाडु सरकार में मंत्री द्वारा दिए गए विवादित बयान पर जेडीयू का बयान भी आया।

जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि किसी की आस्था पर चोट करने से अच्छा होगा कि विकास के मुद्दों पर काम किया जाए। जो जिस वंश को मानने वाले लोग हैं उनके लिए काम कीजिए।



## 1500 लोगों ने 10 मिनट तक डमरू बजाया, बना रिकॉर्ड

**एजेंसी। उज्जैन/भोपाल**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी में आज सावन के तीसरे सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी निकलने से पहले विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यहां महाकाल लोक के पास शक्ति पथ पर 1500 लोगों ने एक साथ 10 मिनट तक डमरू बजाया। इसके साथ ही उज्जैन का नाम सबसे अधिक लोगों के डमरू बजाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। गिनीज बुक से आए ऋषिनाथ ने इसका सर्टिफिकेट सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय और संतों को सौंपा।

### अररिया में धार में डूबने से एक की मौत

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के सैफगंज वार्ड संख्या सात के निवासी 45 वर्षीय दिलीप साह की धार में डूबने से मौत हो गई। दिलीप साह धार को पारकर खेत से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में गहरे पानी में जाने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सांसद प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों को सांत्वना दिया। भाजपा नेता दिलीप पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी सांसद प्रदीप कुमार सिंह को दूरभाष पर दी गई। सत्र चलने के कारण सांसद दिल्ली में है।

## न्यूज | बॉक्स

### पटना में पंजाब नेशनल बैंक से दिनदहाड़े 21 लाख रुपये की लूट

**पटना।** बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। इस बीच, सोमवार को अपराधियों ने पटना के दुल्हिन बाजार स्थित एक बैंक को निशाना बनाया और करीब 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दुल्हिन बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक खुलने के कुछ ही देर के बाद चार-पांच की संख्या में अपराधी बैंक में घुस गए और हथियार के बल पर बैंक के कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद ये लोग वहां से करीब 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पटना (वेस्ट) के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमन ने बताया कि बैंक मैनेजर से मिली सूचना के मुताबिक अब तक 21 लाख रुपए के लूट की जानकारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।


### किशनगंज से पूर्णिया जा रही यात्री बस में लगी आग

**किशनगंज।** सिलीगुड़ी से पूर्णिया जा रही समीर बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। बस जैसे ही खगड़ा ओवरब्रिज पर पहुंची गियर बॉक्स से अचानक धुआं निकलने लगा। धीरे-धीरे बस में आग लगने लगी। यात्रियों ने बताया कि खिड़कियों से कूदकर लोगों ने अपनी जान बचाई। बच्चों को भी खिड़कियों से बाहर निकाला गया। मामला खगड़ा ओवरब्रिज एनएच-27 का है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बस में आग की सूचना सदर थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह से खाक हो चुकी थी।

### केंद्र सरकार इसी सप्ताह राज्यसभा में 'वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक' कर सकती है पेश

**नई दिल्ली।** देशभर में वक्फ बोर्ड के प्रस्तावित विधेयक को लेकर चल रही चचाओं के बीच यह खबर सामने आ रही है कि सरकार इससे संबंधित विधेयक को इसी सप्ताह सदन में पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार के रणनीतिकार इस विधेयक को पहले राज्यसभा में पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वित्त विधेयक के पारित होने के बाद ही सरकार इस विधेयक को सदन में पेश कर सकती है। राज्यसभा में सांसदों का आंकड़ा भाजपा के पक्ष में नहीं है। लेकिन, सरकार के रणनीतिकारों को यह लगता है कि एनडीए के सहयोगी दलों के साथ ही अन्य विपक्षी दलों के सहयोग से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को उच्च सदन से पारित करवाया जा सकता है। राज्यसभा में इस विधेयक को पेश करने की एक और बड़ी वजह यह भी मानी जा रही है कि राज्यसभा एक स्थायी सदन है, जो कभी भंग नहीं होता है और ना ही इसमें पेश किया गया विधेयक कभी लैप्स होता है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, वक्फ की संपत्ति को मुस्लिम समुदाय के लिए अधिक पारदर्शी और ज्यादा लाभदायक बनाने के साथ ही वक्फ बोर्ड को भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत लाने के लिए ये संशोधन विधेयक लाने का फैसला किया गया।

### 'मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं', राज्यसभा में कांग्रेस पर भड़के शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को किसानों की आत्महत्या को लेकर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि मैंने कहा था कि मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगा नहीं। जब कांग्रेस अलग-अलग राज्यों में सत्ता में थी, तब किसान मारे गए थे। इनके सामने दिग्विजय सिंह बैठे हैं, इनके हाथ खून से सने हैं। 24-24 किसानों को मारा गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में कांग्रेस शासन के दौरान हुए गोलीकांड को गनिाते हुए कहा कि साल 1986 में जब कांग्रेस की सरकार बिहार में थी, तब गोलीबारी में 23 किसान मारे गए थे। 1988 में दिल्ली में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर गोली चलाई गई थी, उसमें दो किसान मारे गए थे। 1988 में ही मेरठ में किसानों पर गोलीबारी हुई थी और 5 किसान मारे गए थे, 23 अगस्त 1995 में हरियाणा में इनकी सरकार ने गोली चलाई थी।

## बांग्लादेश से कुछ ही दिनों में बंगाल आएंगे एक करोड़ शरणार्थी : सुवेंदु अधिकारी



**एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बड़ा बयान दिया है। सुवेंदु अधिकारी ने कहा, कुछ ही दिनों में एक करोड़ हिंदू शरणार्थी पश्चिम बंगाल आने वाले हैं।

इसलिए आप तैयार रहें। सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है। रंगपुर में नगर परिषद के पार्षद हरधन नायक की हत्या कर दी गई। सिराजगंज के थाने में 13 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई। इनमें 9 हिंदू हैं। वहीं, नोआखली में हिंदुओं के घर जला दिए गए। मैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल से यही कहूंगा कि वे तुरंत इस मामले को लेकर भारत सरकार से बात करें। सुवेंदु अधिकारी ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा, सीएए में स्पष्ट है कि अगर किसी को धार्मिक उत्पीड़न के कारण पीटा जाता है, तो हमारा देश आगे आकर इन मामलों को देखेगा। मैं आपको बता रहा हूं कि अगर तीन दिनों के भीतर इस स्थिति पर काबू नहीं पाया गया तो बांग्लादेश जमात और कट्टरपंथियों के हाथों में जा रहा है। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में भड़की हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 101 हो गई है।

### बिहार की लेडी 'सिंघम' एसपी काम्या मिश्रा ने दिया इस्तीफा



**दरभंगा।** ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। बिहार की तेजतर्रार आईपीएस काम्या मिश्रा फिलहाल दरभंगा में ग्रामीण एसपी के पद पर तैनात हैं काम्या मिश्रा ने अपने इस्तीफा को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय को पत्र भेज दिया है अब पुलिस मुख्यालय से उनके इस्तीफे पर सहमति आने का इंतजार है काम्या मिश्रा ने निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है। बता दें, इन दिनों बिहार में जीतन सहनी हाई प्रोफाइल मर्डर के बाद लेडी सिंघम आईपीएस काम्या मिश्रा काफी चर्चा में थीं उन्हें ही इस केस को सॉल्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी बता दें, काम्या मिश्रा के आईपीएस बनने की कहानी काफी इंस्पायरिंग है ।

## मौसम विभाग का अलर्ट
## जम्मू-कश्मीर में अचानक बाढ़, बादल फटने भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना

**एजेंसी। श्रीनगर**



मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को एक ताजा अलर्ट में अगले तीन दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील हिस्सों में अचानक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और पत्थर गिरने की संभावना जताई है। साथ ही अगले तीन दिनों के दौरान क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की भी चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा कि 5 से 7 अगस्त तक कुछ स्थानों पर दिन के समय हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 8 से 10 अगस्त तक कश्मीर संभाग के कुछ स्थानों पर दिन के समय हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है, जबकि जम्मू संभाग के कई स्थानों पर बारिश होगी। 11 से 13 अगस्त तक कश्मीर संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है, जबकि जम्मू संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### राज्य सरकार की शह पर हो रहा है अतिक्रमण और अवैध खनन : भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने वायनाड भूस्खलन के लिए वहां अवैध खनन और अतिक्रमण को संरक्षण देने वाली राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केरल की सरकार वायनाड में अवैध खनन और अवैध रूप से लोगों को बसाने के लिए पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन कर रही है, जिसका नतीजा सबके सामने है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में भूपेंद्र यादव ने कहा कि वायनाड ईकोसेंसिटिव जोन में आता है।

## आज का राशिफल

**मेष** – योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृषभ** – व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मिथुन** – लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**कर्क** – सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह** – अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**कन्या** – बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला** – कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** – व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर** – भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुम्भ** – जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

**मीन** – मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स शीर्ष तीन में पहुंचा, पीएम मोदी ने जताई खुशी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



> सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण 'मेक इन इंडिया' को बूस्ट मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की शक्ति है। पीएम मोदी की ओर से यह बयान ऐसे समय में दिया गया है, जब अप्रैल-जून तिमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात टॉप 10 में तीसरे स्थान पर रहा। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया कि इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, पेट्रोलियम के बाद भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तीसरे स्थान पर रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लिए खुशी का क्षण है। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत की शक्ति युवा है। यह प्रमाण है कि हमारे सुधारों के कारण 'मेक इन इंडिया' को बूस्ट मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत आगे इस गति को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी एंड आईएंडबी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात घटक है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में बड़ा हिस्सा एप्पल आईफोन निर्यात से आता है। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी कारण आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर पहुंच गया। भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। इसी का असर है कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल द्वारा देश से किया जाने वाला निर्यात अप्रैल-जून में बढ़कर 3.8 अरब डॉलर हो गया है।

## इंडिगो एयरलाइन नवंबर में 12 घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी बिजनेस क्लास सर्विस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बजट विमानन सेवा कंपनी इंडिगो एयरलाइनंस नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में ह्यबिजनेस क्लास सीट की सर्विस शुरू करेगी। इसकी बुकिंग मंगलवार से होगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने सोमवार को एयरलाइंस की उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरा होने मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास सीट की सर्विस व्यस्ततम मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें राजधानी दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सात और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानें शुरू करेगी। फिलहाल टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा एयरलाइंस बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं मुहैया कराती हैं।

## किआ के इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ी मांग



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की कार निमार्ता कंपनी किआ की इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार, अमेरिका में पिछले साल की तुलना में इस बार जनवरी से जुलाई के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दोगुनी हो गई है। सोमवार को जारी हुए आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी की ईवी9 एसयूवी मॉडल की मजबूत मांग के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है। कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वर्ष 2024 के पहले सात महीनों के दौरान अमेरिका में किआ ईवी की बिक्री कुल 33,957 यूनिट दर्ज की गई। जो पिछले साल 16,941 यूनिट थी।

## शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये डूबे
# सेंसेक्स 2222 अंक लुढ़का

**एजेंसी। मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी नुकसान वाला रहा। अमेरिका में मंदी की आहट के चलते वैश्विक बाजारों के साथ भारतीय बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 2,222 अंक या 2.74 प्रतिशत गिरकर 78,759 और निफ्टी 662 अंक या 2.68 प्रतिशत गिरकर 24,055 पर बंद हुआ।

बाजार में गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मार्केट कैप कम होकर 441 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 457 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर देखा गया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 858 अंक या 4.57 प्रतिशत गिरकर 17,942 पर था और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,056 अंक या 3.55 प्रतिशत गिरकर 55,857 पर बंद हुआ। सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सबसे ज्यादा गिरावट पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, ऑटो और आईटी इंडेक्स में थी। सेंसेक्स में 30 में से 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एसबीआई, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एलएंडटी और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। एचयूएल और नेस्ले ही केवल हरे निशान में बंद हुए हैं।

बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में मंदी की आहट और खराब जॉब डेटा एवं जापानी येन के बढ़ने के कारण बाजारों में अस्थिरता का माहौल है। इस कारण से भारतीय बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई है। हालांकि, निफ्टी 24,000 के करीब आकर बंद हुआ है।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा का कहना है कि वैश्विक बाजारों से लगातार आ रही खराब खबरों के कारण गिरावट देखने को मिली है। जापान की ओर से ब्याज दरें बढ़ा दी गई है और जिसके कारण दुनियाभर में लगा जापान का पैसा वापस वहां की अर्थव्यवस्था में जाने की उम्मीद है।

# 'माइंड ट्रेनिंग की कमी' से हारे भारतीय खिलाड़ी : प्रकाश पादुकोण

एजेंसी



**पेरिस।** भारत के बैडमिंटन कोच प्रकाश पादुकोण ने ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के निराशाजनक अभियान पर कहा, माइंड ट्रेनिंग के कारण भारतीय खिलाड़ी कई मुकाबलों में हार गए। लक्ष्य सेन अच्छा खेले, लेकिन उन्हें हवा के साथ खेलने में हमेशा दिक्कत रही है। बैडमिंटन में आमतौर पर भारतीय खिलाड़ी हवा के खिलाफ खेलने में ज्यादा सहज रहते हैं। लक्ष्य के दिमाग में कहीं न कहीं हवा के साथ खेलने की बात हावी थी, जिसने विपक्षी खिलाड़ी को आत्मविश्वास दिया। हमें हवा के साथ खेलने के प्रति भारतीय खिलाड़ियों की असहजता पर काम करना होगा। प्रकाश पादुकोण ने ओलंपिक में खिलाड़ियों के 'माइंडसेट' को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है, जब ओलंपिक की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के लिए खेल मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा, बैडमिंटन में एक भी मेडल नहीं आने से निराश हूं। हम बैडमिंटन में तीन पदक के दावेदार थे, एक भी मेडल आता तो खुशी होती। ओलंपिक में खिलाड़ियों के लिए सरकार, साई, खेल मंत्रालय, आदि ने अपनी ओर से सब कुछ किया है। जो भी खिलाड़ियों की ओर से मांग और सपोर्ट की दरकार थी, वह पूरी की गई। अब खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा, हमें माइंड ट्रेनिंग पर ध्यान देना होगा। सिर्फ बैडमिंटन ही नहीं, बल्कि अन्य खेलों में भी माइंड ट्रेनिंग जरूरी है। ओलंपिक में खिलाड़ियों के ऊपर काफी दबाव होता है।

पेरिस ओलंपिक

## कांस्य पदक मैच में लक्ष्य सेन को मिली हार



**पेरिस।** भारत के युवा बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन का कांस्य पदक जीतने का सपना टूट गया है। लक्ष्य को मलेशिया के विश्व नंबर 7 ली जी जिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 71 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में लक्ष्य 21-13, 16-21, 11-21 से हार गए। इससे पहले लक्ष्य को सेमीफाइनल में विक्टर एक्सेलसेन से हार मिली थी। कांस्य पदक मैच की शुरूआत लक्ष्य ने पूरे आत्मविश्वास के साथ की और ली जी जिया के खिलाफ उनका हेड टू हेड रिकॉर्ड भी बेहतर था। लक्ष्य ने ली जी जिया को पिछले पांच मुकाबलों में चार बार हराया था। पहले गेम में लक्ष्य ने शानदार शुरूआत की और 21-13 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में भी लक्ष्य ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन ली जिया ने बाद में शानदार वापसी की और 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, लक्ष्य ने लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। लेकिन एक गलती के कारण ली जिया ने 16-21 से गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे गेम में ली जिया ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया और 9-2 की बढ़त ले ली। लक्ष्य ने वापसी की कोशिश की लेकिन ली जिया ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और अंततः 21-11 से गेम और मैच जीत लिया। इस हार के साथ भारत का कांस्य पदक जीतने का सपना भी टूट गया है। इससे पहले, लक्ष्य सेन पुरुष एकल में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। पेरिस ओलंपिक में इससे पहले निशानेबाजों ने भारत को तीन पदक दिलाए थे। जिनमें मनु भाकर (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल), मनु-सरबजोत (मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल) और स्वप्निल कुसाले (पुरुषों की 25 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) शामिल हैं। सेन पेरिस में भारतीय बैडमिंटन दल की आखिरी उम्मीद थे। इससे पहले पीवी सिंधु, सात्विक-चिराग और एचएस प्रणॉय पहले ही बाहर हो चुके थे।

## भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका अमित रोहिदास सेमीफाइनल मैच से बाहर

एजेंसी



**पेरिस ।** भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में रेड कार्ड मिलने के कारण एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है और वह जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले ओलंपिक सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आधिकारिक बयान ने कहा, 'भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच चार अगस्त को खेले गए मैच के दौरान अमित रोहिदास को एफआईएच आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था।' बयान के अनुसार, 'निलंबन का असर मैच नंबर 35 (जर्मनी के खिलाफ भारत का सेमीफाइनल मैच) पर पड़ेगा, जिसमें अमित रोहिदास भाग नहीं लेंगे और भारत केवल 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ खेलेगा।

रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में अंतिम हूटर बजने से लगभग 40 मिनट पहले मैदान से बाहर भेज दिया गया था क्योंकि उनकी स्टिक अनजाने में एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर लग गई थी। ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैच के दूसरे क्वार्टर में 31 वर्षीय रोहिदास मैदान पर विल कैलनान से बहस में उलझ गए थे। मैदानी अंपायर ने भारतीय खिलाड़ी को पहले चेतावनी दी लेकिन टीवी अंपायर ने वीडियो रेफरल के बाद रोहिदास को रेड कार्ड दे दिया। यह मैच निर्धारित समय तक 1-1 से बराबर रहा। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। हॉकी इंडिया ने रोहिदास के निलंबन के खिलाफ पहले ही अपील दायर कर दी है जिस पर एफआईएच की एक जूरी फैसला करेगी। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा,''टूर्नामेंट निदेशक ने अमित को एक मैच के लिए प्रतिबंधित/निलंबित कर दिया है। हॉकी इंडिया ने इस फैसले के खिलाफ अपील की है जिसे एफआईएच जूरी बेंच के समक्ष रखा जाएगा।

## सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी, बेल्जियम प्रतियोगिता से हटा

**पेरिस ।** बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

## डूरंड कप हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है: खालिद

**जमशेदपुर।** स्टील सिटी जमशेदपुर में इंडियन ऑयल डूरंड कप के 133वें संस्करण की शुरुआत हो चुकी है, इस बार घरेलू टीम जमशेदपुर एफसी ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों को जीतकर खुद को खिताब के दावेदारों में से एक घोषित कर दिया है। एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर 2023-24 खालिद जमील की अगुआई में रेड माइनर्स ने अब तक पांच गोल किए हैं और सिर्फ एक गोल खाया है। अपनी टीम के अब तक के प्रदर्शन को लेकर कोच खालिद ने कहा, "ग्रुप स्टेज में अभी भी हमारा एक गेम बचा है और हम उस गेम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमें गेम जीतने और ग्रुप स्टेज को पूरे अंकों के साथ खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने ग्रुप स्टेज में जमशेदपुर एफसी के अंतिम प्रतिद्वंद्वी इंडियन आर्मी एफटी के खिलाफ मैच को लेकर कहा, "हम उनकी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करेंगे, वे बहुत फिट और शारीरिक रूप से मजबूत टीम हैं। हम उनके दोनों मैच देखेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे, खालिद जमील ने 2023-24 इंडियन सुपर लीग सीजन के मध्य में जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाला और अपनी टीम को प्ले-ऑफ़ में जगह बनाने के बहुत करीब ले गए। क्लब ने पूर्व आई-लीग विजेता कोच पर अपना भरोसा जारी रखने का फैसला किया और अगले दो सीज़न के लिए उनका अनुबंध बढ़ा दिया।

उन्होंने कहा, "जमशेदपुर एफसी परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं वास्तव में खुश हूं कि प्रबंधन ने मुझे मौका दिया है। मुझे एक कोच के रूप में कड़ी मेहनत करनी होगी और खिलाड़ियों को भी जमशेदपुर एफसी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की मानसिकता प्रदान करनी होगी।

जमशेदपुर और शिलांग को डूरंड कप के 133वें संस्करण के लिए नए मेजबान के रूप में जोड़ा गया ताकि क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत किया जा सके।

# ओलंपिक पदक लेने के बाद ही सन्यास की सोचेंगी दीपिका

**रांची।** भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक में प्रभावित नहीं कर पाने के बाद बड़ा बयान दिया है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहीं



दीपिका ने कहा कि वह जब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत लेतीं, तब तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। कई बार की विश्व कप विजेता अनुभवी तीरंदाज दीपिका का मानना है कि वह 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहेंगी।

**लगातार चौथे ओलंपिक में उतरी थीं दीपिका :** भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी पेरिस में अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद उन्होंने खेल में वापसी की। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अप्रैल में शंघाई विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह प्रभावित नहीं कर सकीं। दीपिका को महिला व्यक्तिगत वर्ग में दावेदार माना जा रहा था और उन्होंने अच्छी शुरुआत करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन अंतिम आठ मुकाबले में बढ़त लेने के बावजूद दीपिका को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दीपिका, भजन कौर और अंकिता भकत की महिला जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी थी।

**'भविष्य में खेल जारी रखूंगी':** दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नहीं छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी।

## वॉन, स्टोक्स, कुंबले समेत कई ने ग्राहम थोर्प को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** माइकल वॉन और बेन स्टोक्स समेत कई क्रिकेटरों ने



इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कोच ग्राहम थोर्प को श्रद्धांजलि दी, जिनका 55 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "मेरे पूरे करियर में सभी सलाह के लिए धन्यवाद, आप एक महान खिलाड़ी और एक शानदार टीम साथी थे। आप बहुत कम उम्र में चले गए, लेकिन आप इंग्लैंड के क्रिकेट के दिग्गज के रूप में जा रहे हैं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके सभी दोस्तों और परिवार के साथ हैं। इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने 'थोर्प 564' वाली जर्सी पहनी हुई है और इसके साथ एक दिल वाली इमोजी भी शेयर की। थोर्प ने 1993 से 2005 के बीच इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 44.66 की औसत से 16 शतकों सहित 6,744 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 82 वनडे मैच भी खेले, जिसमें उन्होंने 37.18 की औसत से 2,380 रन बनाए, जिसमें 21 अर्धशतक शामिल हैं।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** इंटरनेशनल इंगलिश लेंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम(आईईएलटीएस) आईईएलटीएस विदेश जाने के लिए अंग्रेजी भाषा टेस्ट है। अगर कोई उन देशों में जाकर काम करना चाहता या फिर पढ़ना चाहता है, जहां इंग्लिश कम्युनिकेशन की मुख्य भाषा है तो यह टेस्ट देना पड़ता है। जिन देशों की यूनिवर्सिटीज में दाखिले के लिए आईईएलटीएस को स्वीकार किया जाता है, इन देशों में यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएसए और कनाडा अहम हैं। आईईएलटीएस इंडिया एग्जाम में आईईएलटीएस टेस्ट के दौरान कैंडिडेट की इंग्लिश पढ़ने की रीडिंग, स्पीकिंग, लिसनिंग, राइटिंग स्किल परखी जाती है।

# विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए आईईएलटीएस करना होता है क्वालिफाई



### परीक्षा में क्या होता है

- सुनना
- लिखना
- पढ़ना
- बोलना

## आईईएलटीएस एग्जाम कब होता है?

- अपने सभी सेंटर पर हर महीने में 4 बार एग्जाम लेती है और आईईएलटीएस द्वारा सभी टेस्ट में भाग लेने वाले लोगो को एक सर्टिफिकेट दिया जाता है, जो 2 वर्ष तक वैलिड होता है, अगर आप इससे पहले दोबारा परीक्षा नहीं देते है आईईएलटीएस एग्जाम में पार्टिसिपेंट के अंग्रेजी लिखने, पढ़ने, सुनने और बोलने की क्षमता को परखा जाता है।
- आईईएलटीएस गैर-देशी अंग्रेजी भाषा बोलने वालों के लिए अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता का मूल्यांकन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक परीक्षण है, जो उस देश में अध्ययन करना या काम करना चाहते हैं जहां अंग्रेजी संचार की भाषा है। यह 1989 में स्थापित किया गया था। यह प्रोफिसिएंसी के स्तर को रिफ्लेक्ट करने के लिए नाइन-बैंड स्केल का उपयोग करता है, 5.5 की तरह हाफ स्कोर संभव हैं। यह ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड जैसे कई देशों के विश्वविद्यालयों और नियोक्ताओं द्वारा मान्यता प्राप्त है। आईईएलटीएस दुनिया के 2 मुख्य इंग्लिश टेस्ट में से एक है। दूसरा टोफल है।

## आईईएलटीएस के लिए योग्यता

आईईएलटीएस एग्जाम देने के लिए आवेदक की उम्र सामान्यत 16 साल से ज्यादा होनी चाहिए। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड में स्टडी के लिए जो छात्र आवेदन करते हैं उनको ये एग्जाम देना पड़ता है। साथ जो लोग किसी अन्य व्यवसाय हेतु ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, यूएसए, यूके और न्यूजीलैंड में काम करना चाहते हैं, उनको भी टेस्ट देना जरूरी होता है, इसके अलावा जो लोग ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड में स्थायी रूप से बसना चाहते हैं, उनको भी यह टेस्ट देना होता है। इन देशों में जाने के लिए आईईएलटीएस एग्जाम में अलग-अलग बैंड सिस्टम होता है।

- **आईईएलटीएस एग्जाम फिस :** आईईएलटीएस देने के लिए इंडिया में दो इंस्टिट्यूट ब्रिटिश कॉउंसिल और आईडीपी है जहा आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते है रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आप इनकी ऑफिसियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते है। वहीं रजिस्ट्रेशन फीस 14,700 रुपए है।
- **आईईएलटीएस टेस्ट का पेपर फॉर्मेट क्या है :** टेस्टिंग इंस्टिट्यूट अवधि या समय आईईएलटीएस की परीक्षा के लिए उम्मीदवार व्यक्ति की अंग्रेजी भाषा के बोलने की तकनीक, बोलने का तरीका और व्यक्ति को इंटरेस्ट करने का तरीका सब कुछ जानने के लिए उसका इंग्लिश सीखना का तरीका पढ़ने का तरीका लिखने का तरीका बातचीत करने का तरीका इसी प्रकार की कई अलग-अलग तरीकों को छोड़कर चार भागों में अलग-अलग बांटा जाता है। इस परीक्षा के लिए लगभग 3 घंटों का दिया जाता है।

**आईईएलटीएस सिलेबस :** आईईएलटीएस का उपयोग दुनिया भर के विश्वविद्यालयों और कंपनियों द्वारा उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की दक्षता का आकलन करने के लिए किया जाता है। इसका कारण यह है कि अधिकारियों का परीक्षण और परीक्षण करना है कि विश्वविद्यालय और कंपनियां क्या देख रही हैं, जो "अंग्रेजी भाषा प्रवीणता" है। इस परीक्षा में एक निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है।

**आईईएलटीएस का रिज़ल्ट कैसे चेक करें :** आईईएलटीएस का रिज़ल्ट चेक करने के लिए आपको इसके ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर अपने आईडी, पासवर्ड, पासपोर्ट नंबर और टेस्ट की तारीख की जानकारी दर्ज कर लोग इन करना होगा। इसका रिज़ल्ट जारी होने के बाद ये 28 दिनों तक ऑनलाइन उपलब्ध रहता है। आईईएलटीएस का रिज़ल्ट 2 साल तक वैलिड रहता है। आप यहाँ से रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

## आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें

*आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें जानने के लिए स्टेप बाय स्टेप गाइड नीचे दी गई है:*

- **चरण 1-** अपने निकटतम आईईएलटीएस एग्जाम सेंटर स्थान का पता लगाएं।140 से अधिक देशों में 1,600 से अधिक आईईएलटीएस एग्जाम सेंटर हैं। यदि आप अपने घर से परीक्षा देना चाहते हैं, तो आप ऑनलाइन आईईएलटीएस शैक्षणिक परीक्षण को चुन सकते हैं।
- **चरण 2-** अपने आईईएलटीएस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन करें, इसके लिए आप ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और भुगतान कर सकते हैं या अपने चुने हुए परीक्षा केंद्रपर हार्डकॉपी जमा करा कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।
- **चरण 3-** आपको अपने पहचान दस्तावेज की एक कॉपी जमा करनी होगी। परीक्षा के दिन आपको अपना पहचान पत्र साथ ले जाना होगा।
- **चरण 4-** यदि आपने पेपर या कंप्यूटर पर आईईएलटीएस बुक किया है, तो आपका आवेदन जमा होने के बाद आपका परीक्षण केंद्र आपको एक ईमेल भेजेगा जिसमें आपके परीक्षण की तिथि और समय की पुष्टि होगी। आपका बोलने का परीक्षण एक अलग दिन के लिए निर्धारित किया जा सकता है, और आपका परीक्षा केंद्र भी इसकी पुष्टि करेगा। यदि आपने आईईएलटीएस ऑनलाइन बुक किया है, तो आपको अपनी टेस्ट बुकिंग की पुष्टि करने वाला एक ईमेल प्राप्त होगा, और आपका स्पीकिंग टेस्ट आमतौर पर आपके दूसरे टेस्ट से पहले होगा।

## आईईएलटीएस की तैयारी कैसे करें

*आईईएलटीएस एग्जाम में जानिए कि कैसे की जाए आईईएलटीएस की तैयारी जिससे आपको इसके पास करने में ज्यादा परेशानी न हो।*

1. परीक्षण में प्रयुक्त प्रारूप को समझें और समझें
2. परीक्षण अंकन योजना की पहचान करें, विशेष रूप से जो आईईएलटीएस ऑनलाइन एग्जाम लेने की तैयारी कर रहे हैं।
3. अंग्रेजी वार्तालाप में अधिक व्यस्त रहें।
4. मॉक टेस्ट के लिए आईईएलटीएस की नियुक्ति बुक करें। यह मुख्य परीक्षा के लिए किसी की तत्परता का परीक्षण करने में मदद करता है।
5. इसके अलावा, दोनों ऑनलाइन और शारीरिक आईईएलटीएस प्रारंभिक कक्षाओं के साथ पहचानें।
6. जैसा कि हमने पहले कहा था, तैयारी सामग्री और पिछले प्रश्नों के साथ अभ्यास करने का प्रयास करें।
7. इसके अतिरिक्त, आईईएलटीएस परीक्षक द्वारा आपकी प्रगति को एक्सेस करने की अनुमति दें।
8. आगे बढ़ें और आईईएलटीएस रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया करें।

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक नाली में गिरा, एक घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 बाइपास सड़क पर गढ़वा थाना क्षेत्र के जुटी मोड़ के समीप सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क किनारे नाली गिर गई। घटना में मोटरसाइकिल सवार मुस्तजा खान उर्फ राजन खान पिता कुतुबुद्दीन खान गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मुस्तजा अंसारी अपनी मोटरसाइकिल से कल्याणपुर से जाटा गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान जुटी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे नाली में गिर गई। इस घटना में उसके सिर एवं शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है।

### सोन नदी के बाढ़ में बही भैंस

**केतार।** केतार प्रखंड के लोहरगाडा.गांव निवासी कमलेश चौधरी सोन नदी के टीला पर अपने पत्नी के साथ रहते है। रविवार की सुबह सोन नदी में अचानक आई बाढ़ से उनकी एक दुधारू भैंस व उसका बच्चा बाढ़ में बह गया है। भुक्तभोगी कमलेश ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

### मारपीट में युवक घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के डंडीला गांव निवासी अजय कुमार पिता देवेंद्र राम सोमवार को मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अजय कुमार के छोटे भाई रवि कुमार ने घर में ताला बंद कर दिया था। जब अजय कुमार ने कुछ सामान निकालने के लिए उससे चाबी मांगा। रवि कुमार ने अजय कुमार को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल अजय कुमार के सिर में चोट लगी है।

### सर्प दंश से महिला की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव में सोमवार को जहरीले सांप के काटने से बासमतियां देवी (40) पति विनय यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बासमतिया देवी घर के समीप ही धान की खेत में धान रोपनी करने जा रही थी।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : विशेष शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, कहा-

# 15 तक सभी पंचायत भवनों व वार्डों में लगेगा शिविर

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले में सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह ने नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड 11 के लिए सामुदायिक भवन अंबाकोठी, वार्ड 15 के लिए सब्जी मार्केट भवन में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित आवेदिकाओं से संवाद करते हुए विधि व्यवस्था से अवगत हुई। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचने वाली आवेदिकाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हों यह सुनिश्चित करने को निर्देश दिया। शिविर में प्रयाप्त संख्या में बैठने के लिए कुर्सी, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने में आ रही तकनीकी समस्या की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को सुव्यवस्थित तरीके से आवेदन जमा करने का निर्देश दिया। उपायुक्तने बताया गया कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत जिले की सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए आगामी 15 अगस्त तक सभी पंचायत भवन व शहरी क्षेत्र के वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के सफल संचालन का निर्देश दिया। साथ ही शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का आदेश दिया। तीसरे दिन आयोजित विशेष कैम्प में काफी संख्या में महिलाएं निःशुल्क फॉर्म प्राप्त कर उत्साहित और अपनी प्रशन्नता जाहिर करती दिखी। बता दें कि जिला अंतर्गत प्रखंडों के सभी पंचायत भवन व शहरी क्षेत्रों के वार्ड में आयोजित शिविर में 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ा जा रहा है। मौके पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अंचल अधिकारी लातेहार, अरविंद देवाशीष टोप्पो उपस्थित थे।



### क्या है योजना

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

### किसे मिलेगा लाभ

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

## समीक्षा बैठक में हुसैनाबाद से कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ने पर चर्चा

# राजद से किसी भी कीमत पर नहीं हो गठबंधन



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला दुर्गा बाड़ी परिसर में हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक जिला उपाध्यक्ष व विस प्रभारी नवल किशोर पाठक के नेतृत्व में हुई। जिसमें हुसैनाबाद मे राजद से गठबंधन किसी भी कीमत पर नहीं होने पर दिया जोर। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक , झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ,प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, धनंजय तिवारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ना चाहिए। वहीं दूसरी ओर सर्व समिति से पास हुआ कि राजद से कांग्रेस का गठबंधन नहीं होना चाहिए । राजद से गठबंधन से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होता है,यहां कांग्रेस का गढ़ रहा हैं उसके बावजूद राजद से गठबंधन होना अच्छी बात नहीं है। कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता की भावनाओं को सुनने के बाद यह सुनिश्चत किया गया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस की पहचान है, मेरी पूरी कोशिश होगी कि कांग्रेस यहां से चुनाव लड़े। इस बैठक में जो रेगुलेशन पास हुआ है इसको प्रदेश प्रभारी जनाब गुलाम अहमद मीर साहब एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को बताएंगे। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के अध्यक्षों एवं प्रखण्ड पदाधिकरियों ने अपनी भावनाओं से अवगत कराया। बड़े गंभीरता से नेताओं ने बातों को सुना। झारखण्ड राज्य अल्पसंख्क आयोग के सदस्य डॉ, एम तौसीफ ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि हुसैनाबाद के कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं की भावनाओं को सुनना चाहिए और हुसैनाबाद से कांग्रेस को चुनाव लड़ना चाहिए।

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा शिवालय, भक्तों ने किया जलाभिषेक



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के हासनदाग गांव में तीसरी सोमवारी को केवाल टोला शिव मंदिर के परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जल यात्रा निकाल जलाभिषेक किया। जल यात्रा में हजारों की संख्या में आसपास के कई गांव के महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। जल यात्रा का शुभारंभ पंडित किशोर मिश्रा ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश, ध्वज श्रद्धालुओं के हाथ में देकर प्रारंभ किया। कलश यात्रा का प्रारंभ ढोल बाजे गाजे साथ सभी श्रद्धालुओ ने बोल बम के नारा है बाबा एक सहारा है, हर हर महादेव के नारे लगा रहे थे शिव मंदिर से बाजार चौक होते, डीहवार बाबा ,देवी धाम, करकोमा नहर चौक के रास्ते कोरवाडीह स्थित दानरो एवं उरीया नदी के संगम तट पहुंच लोगों ने संगम तट पर डुबकी लगाकर गंगा आरती किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोचार के साथ सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भर कर शिव मंदिर पहुंच बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं के लिए शिव मंदिर समिति द्वारा शीतल पेयजल शरबत की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय शिव मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष के भांति किया जा रहा है। रविवार को मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक किया गया। सोमवार को कलश यात्रा के साथ रात्रि में 12 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। मंगलवार को हवन के साथ प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### कराटे खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** रेलवे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में कराटे खिलाड़ियों को बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेल्ट ग्रेडिंग सोतोकान कराटे स्टाईल ऑफ क्लासिकल मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया रांची के तत्वावधान में आयोजित किया गया। एसकेसीएमएफ आईके झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेन्सेई मदनलाल ने बेल्ट ग्रेडिंग का परीक्षा लिया। जिसमें संत क्लारेट स्कूल लेदगाई, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल चपरी,आरडी पब्लिक स्कूल लेदगाई के 20 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में येलो बेल्ट,औरेन्ज बेल्ट,व ग्रीन बेल्ट के लिए शामिल बच्चों ने प्रदर्शन किया। सफल प्रतिभागियों को को ग्रेडिंग किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कराटे कोच सेंसुई जग बहादूर सिंह, संगीता टोपनो, रमेश कुमार, सीनियर कराटेकार चन्दन कुमार, कृष कुमार, नीतीश यादव, शर्मिला, आयूशी कुमारी ने सहयोग किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों समेत लोग शामिल थे।

### मुख्यमंत्री मंईया योजना के शिविर का बीडीओ ने किया निरिक्षण

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे मुख्यमंत्री मंईया योजना के लिए लगाए गए शिविर में बीडीओ सह सीओ ने निरिक्षण किया। बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने बारियातू, टोटी, गोनिया, साल्वे, बालूभांग, शिबला, डाढ़ा व फूलसु के शिविर मे पहुंच कर मंईया योजना की लाभ के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन करने को लेकर कहा की किसी भी ग्रामीण महिला को परेशानी नहीं हो इसके लिए आवेदन भरने मे सहयोग करें। वेबसाईट का सर्वर धीमी गति से चल रहा है, जिसे देखते हुए सभी लाभुकों को टोकन सिस्टम से आवेदन जमा कर लें। आवेदन को अपलोड करने समय लाभुक को फोन कर बुला लें ताकि सभी लोग परेशानी से बच सके। जो भी लाभुक महिला आवेदन ऑनलाइन करवाने आते हैं उनका आवेदन भरकर जमा ले लें और उनका मोबाइल नंबर भी अंकित कर लें। सर्वर काम करने लगे तो नंबर सिस्टम से उन्हें बुलाकर फॉर्म अपलोड करें। मंईया योजना का लाभ दिलाने और इसे और बेहतर सेवा देने के उदेश्य से बीडीओ ने बारियातू प्रखंड कार्यालय मे सभी प्रखंड कर्मी और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक मे कई बिन्दूओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर कई प्रखंड कर्मी भी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

**स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत...**

जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों को 247 ऑपरेशनल बनाने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। इसके तहत इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सभी तरह की सर्जरी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को किसी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर करने की नौबत नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों के ओपीडी में भी मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सके इस दिशा में भी पहल करें।

मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती है कि स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में चिकित्सक ड्यूटी के दौरान भी उपलब्ध नहीं होते हैं । ऐसे में मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की तरह सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी और वाई-फाई की व्यवस्था और जिला तथा मुख्यालय स्तर पर इसकी निरंतर निगरानी की जानी चाहिए।

**बंग भवन से मोटरसाइकिल...**

उनका विमान पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश के वायु क्षेत्र से होते हुए दिल्ली की ओर आते हुए ट्रैक किया गया। इस दौरान भारतीय वायु सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने सभी राडार सक्रिय करके भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश से लेकर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस तक शेख हसीना के विमान की गतिविधियों पर नजर रखी। उनका विमान शाम 5:36 बजे हिंडन एयरबेस पर लैंड किया, जहां एयरफोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने शेख हसीना का स्वागत किया। इसके बाद शाम को शेख हसीना से मिलने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हिंडन एयर बेस पहुंचे।

**बांग्लादेश में आंदोलन...**

और बांग्लादेश से भारत आने वाले सामानों 1154 सामानों का आयात किया गया। यह लगभग 2.02 अरब डॉलर का था। वहीं, इससे पिछले फाइनेंशियल ईयर में यह आंकड़ा महज 1.97 अरब डॉलर ही था।भारत और बांग्लादेश के बीच में मजबूत संबंधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दोनों देशों ने भारतीय रुपये में ट्रेड शुरू किया है। भारत में मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने भारत का दौरा किया था और 22 जून को पीएम मोदी से मुलाकात भी की थी। इस दौरान कई सारे समझौतों पर भी मुहर लगाई गई थी। इसमें दोनों देशों के बीच में रुपयों में व्यापार करना भी शामिल था। लेकिन अब बांग्लादेश में आरक्षण के मामले को लेकर छात्रों शेख हसीना के विरुद्ध जो आंदोलन छेड़ा जो विकराल बना तो हसीना को पद से इस्तीफा देकर भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी है। ऐसे में बंगला देश पर अब सेना का राज है। यह यदि लंबे समय तक चला तो भारत को व्यापारिक रूप से बहुत नुकसान होगा।और यदि बांग्लादेश पर कट्टरपंथियों का शासन हो गया, तब तो भारत को और भी ज्यादा नुकसान होगा।पाकिस्तान,चीन जैसे पड़ोसी तो पहले से ही हैं, बंगलादेश भी दुश्मन हो जाएगा।

**राज्य में मादक...**

कोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए पुलिस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए। कोर्ट ने रांची एसएसपी से भी मौखिक कहा कि रांची शहर में स्कूल एवं मंदिरों के निकट किसी भी स्थिति में शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। मंदिरों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि उत्पाद विभाग के साथ-साथ पुलिस की भी यह जिम्मेवारी है कि रांची शहर में अवैध ढंग से शराब की बिक्री ना हो। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह रांची है ना कि मुंबई या गोवा है, यहां के बार एवं रेस्टोरेंट को नियंत्रित ढंग से काम करना होगा ताकि सामाजिक दायित्व का समुचित निर्वहन हो सके। देर रात तक बार एवं रेस्टोरेंट खुला रहने से अप्रिय घटना होने की ज्यादा संभावना रहती है, पुलिस की पीसीआर वैन रात में शराबियों एवं आपराधिक तत्वों पर नजर रखें. मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी।

**झारखंड हाई कोर्ट...**

याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकताकी ओर से हाई कोर्ट भी याचिका दाखिल की गई है।

# एसएमसी चुनाव के बाद तत्काल उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सुंडीपुर में सोमवार को विद्यालय के एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन में अनियमितता को लेकर चुनाव के एक घन्टा के बाद ही नव चयनित उपाध्यक्ष अनिता देवी पति संतोष कुमार सिंह कुशवाहाअपने पद से इस्तीफा दे दी। उन्होंने अपना इस्तीफा विद्यालय के हेडमास्टर को लिखित रूप से सौंपते हुए कहा कि एसएमसी के चुनाव में कुछ दबंगो द्वारा बलपूर्वक किया गया है। अभिभावकों व वार्ड सदस्यों को बिना सूचना दिए चुनाव कराया गया है। चुनाव परिक्रिया में पंचायत मुखिया आरती सिंह भी उपस्थित थीं, लेकिन किसी भी कागजात पर मुखिया से हस्ताक्षर नहीं कराया गया। साथ ही बहुत ही कम संख्या में चुनाव प्रक्रिया में अभिभावक उपस्थित थे। एसएमसी के पुनर्गठन में अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी,उपाध्यक्ष अनिता देवी व संयोजिका सुनीता देवी चुनी गयी है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह व अभिभावक उपस्थित थे।



### सोमवारी को शिवमंदिर में भक्तों की लगी भीड़

**कांडी।** प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में तीसरी सोमवारी को पूजा अर्चना करने वालों श्रद्धालुओं व भक्तों की भीड़ लगी रही। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की सुबह से भीड़ देखी गयी। पूरे दिन लोग पूजा करने के लिए शिवालयों में आते रहे। भक्तों ने सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के सभी मंदिरों में घूम-घूम कर पूजा किया। साथ ही प्रखण्ड के चोका, भिलमा, गरदाहा, खरौंधा,अधौरा, शिवपुर, सुंडीपुर,कांडी सहित सभी गांव व टोलों के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना सम्पन्न हुआ।

# दो फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या व मारपीट के दो वारंटी को उसके ही घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिगसीगा खुर्द निवासी अभियुक्त सुरेश साव पिता स्वर्गीय लंगा साव 2013 में मारपीट का आरोपी था। उस पर न्यायलय से वारंट निर्गत किया गया था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। दूसरा अभियुक्त थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी राजेश पासवान पिता तुलसी पासवान 2019 में हत्या का आरोपी था। बीते वर्षों से फरार चल रहा था। अभियुक्त की तलाश पुलिस काफी दिनों से कर रही थी। दोनों अभियुक्त को उसके ही घर से ही गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।




### सेविका पद पर संध्या कुमारी का चयन

**खरौंधी ( गढ़वा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिसरी पंचायत अंतर्गत बैतरी टोला महागोडाइ आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित किया गया। सेविका का चयन सीडीपीओ नंद जी राम की अध्यक्षता में की गई। ग्राम सभा मे दो आवेदन प्राप्त हुए जिसमे प्राप्त दोनों आवेदन को लेकर अधिकतम अंक लाने वाले आवेदक का सेविका पद पर चयन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र महागोडइ में सेविका के लिए संध्या कुमारी को चयनित किया गया। सीडीपीओ नंदजी राम ने चयनित सेविका संध्या कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, श्यामतुला सिंह,रमेश शाह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विशुनपुरा शिविर से मायूस लौट रहीं महिलाएं

# नेटवर्क फेल होने से बढ़ी परेशानी, फार्म नही हो पाया अपलोड

- ऑनलाइन इंट्री नहीं होने से सरकारी कर्मी, जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि के अलावा महिलाएं काफी परेशान है।

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सर्वर डाउन रहने के कारण लाभुक महिलाओं की ऑनलाइन इंट्री नहीं हो पा रही है। लाभुक दिन भर शिविर में बैठ कर अंत में मायूस होकर वापस अपने घर लौट जा रहे हैं। योजना का आवेदन 3 अगस्त से लेने की घोषणा राज्य सरकार ने की है। इसके बाद से ही प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में लोगों से फॉर्म समेत सभी दस्तावेज लिए जा रहे हैं, हालांकि इन दस्तावेजों की ऑनलाइन इंट्री नहीं हो पा रही है। ऑनलाइन इंट्री नहीं होने से सरकारी कर्मी, जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि के अलावा महिलाएं काफी परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि वह अपने घर का काम छोड़ कर दिन भर शिविर में फार्म भरने चक्कर में परेशान रह रही हैं।




### क्या हो रही है दिक्कत

पिछले तीन दिनों से महिलाएं सभी कागजात को लेकर शिविर में पहुंच रही है। ऑपरेटर को कागजात दिया जाता है लेकिन ऑपरेटर जैसे ही साइट पर सभी कागजातों को अपलोड करते हुए इंटर करने का प्रयास करता है तब सर्वर डाउन हो जाता है। कहा जा रहा है कि सर्वर पर लोड बढ़ने की वजह से यह परेशानी हो रही है। जल्दबाजी में लॉन्च हुई इस योजना में इस कारण परेशानी आर रही है। विशुनपुरा पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी कहा कि योजना तो बेहतर है, लेकिन काफी हड़बड़ी में लॉन्च कर दिया गया। योजना धरातल पर उतारने से पहले पूरी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए था, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### जल्द निकलेगा समस्या का समाधान

शिविर में भ्रमण कर रहे हैं विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार मधेसिया का कहना है कि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार सर्वर क्रैश करता है। इसकी सूचना जिला स्तर पर दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का हल निकल जाएगा और लोगों

# बाबा गणिनाथ की पूजा समारोह को लेकर कमेटी गठित



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में बाबा गणिनाथ गोविंद की जयंती समारोह सह सम्मेलन का आयोजन सात सितंबर को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय अवदेशी सभा हलवाई समाज की बरवाडीह इकाई की बैठक महेंद्र प्रसाद के आवास पर हुई। बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद नंदू सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान पिछले वर्ष के पूजा समारोह के आय-व्यय की जानकारी दी गयी। साथ ही इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ की पूजा पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष संजय प्रसाद संजू( सरईडीह), उपाध्यक्ष अजीत कुमार बरवाडीह व संतोष प्रसाद छेंचा को बनाया गया। सचिव रामनाथ प्रसाद बरवाडीह को, उवसचिव अंकित कुमार मंगरा को, कोषाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद को, उपकोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद को बनाया गया है। बबन प्रसाद ,महेंद्र प्रसाद सहित कई लोगों को चंदा प्रभारी बनाया गया। समाज के कई वरिष्ठ लोगों को संरक्षक व युवाओं को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


**बांग्लादेश में सत्ता पलट** | शेख हसीना ने भारत से मांगी मदद, दिल्ली ने तत्काल दी स्वीकृति

# गृह मंत्री के आवास में लगाई आग बंग बंधु शेख मुजीबुर की मूर्ति तोड़ी

***अवामी लीग के कार्यालय में लगाई आग :*** *बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के कार्यालय में आग लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों की वजह से देशभर में दंगे जैसे हालात हो गए हैं। बताया जा रहा है कि अवामी लीग के राजधानी ढाका के धानमोंडी इलाके में स्थित कार्यालय में आग लगाई गई है। वे हसीना के खिलाफ नारे लगा रहे थे।*

एजेंसी

**ढाका।** शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर सुरक्षित स्थान के लिए निकल जाने की खबर के बाद छात्रों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 'गणबंधन' पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका में बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और शेख हसीना के पिता शेक्ष मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को भी तोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ढाका की सड़कों पर करीब चार लाख प्रदर्शनकारी हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार को प्रदर्शनकारियों का कब्जा है। स्थिति नियंत्रण से बाहर होता देख प्रधानमंत्री ने इस्तीफे दे दिया और तत्काल भारत से मदद मांगी। भारत सरकार ने उन्हें भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने के लिए सुरक्षित रास्ता देने को मंजूरी दे दी। शेख हसीना देश को संबोधित करना चाहती थीं लेकिन उन्हें ऐसा करने का मौका ही नहीं मिल पाया और देश छोड़कर निकलना पड़ा।

इसके बाद शेख हसीना अपने परिवार के साथ सुरक्षित भारत पहुंच गइं। इसबीच उग्र प्रदर्शनकारियों ने ढाका के पॉश इलाके धानमंडी में देश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के आवास में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। असदुज्जमां खान ने देश में चल रहे छात्रों के प्रदर्शनों में जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा जमात-शिबिर और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की भूमिका होने का हवाला देते हुए उन पर पाबंदी लगा दी थी।



# शेख हसीना का भारत से रिश्ता

## कौन हैं शेख हसीना

- **1947** – तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के तुंगीपारा में जन्म
- **1966-67** – ईडन कॉलेज में छात्र संघ उपाध्यक्ष रहीं
- **1975** – परिवार की हत्या, छह साल के लिए भारत में शरण में रहीं
- **1981** – बांग्लादेश लौटीं, आवामी लीग की अध्यक्ष बनीं
- **1996** – आम चुनाव जीता, बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं
- **2006-08** – कार्यवाहक सरकार का विरोध, देश लौटने पर लगी रोक
- **2009** – चुनाव जीतकर फिर बनीं प्रधानमंत्री



शेख हसीना बांग्लादेश के बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। 1975 में परिवार के ज्यादातर सदस्यों के साथ एक सैन्य तख्तापलट में उनकी मौत हो गई थी। लेकिन शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस वक्त जर्मनी में थी। इसलिए जिंदा बच गई थी। तब इंदिरा गांधी ने शेख हसीना और उनकी बहन को भारत बुलाया था।

### शेख हसीना के दुख के दिनों के साथी

प्रणब मुखर्जी की सलाह पर ही प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख हसीना को सपरिवार भारत में शरण दी थी। दिल्ली में सरकार ने शेख हसीना को पंडारा पार्क में सरकारी आवास दिया था। वह कुछ समय तक 56 लाजपत नगर-पार्ट श्री में भी रही थीं। शेख हसीना,उनके पति और बच्चों के लिए प्रणब मुखर्जी और उनकी पत्नी शुभ्रा मुखर्जी दिल्ली में एक तरह से संरक्षक की भूमिका में रहते थे। शेख हसीना का परिवार हफ्ते में कम से दो दिन- तीन बार प्रणब

### 1981 में अपने देश वापस चली गईं

दिल्ली में शेख हसीना के दोनों बच्चे सजीब वाजेद 'जॉय' और साइमा वाजेद हुसैन पुतुल और प्रणब दा के पुत्र अभिजीत, इंद्रजीत और पुत्री शर्मिष्ठा एक साथ बड़े हुए थे। ये सब बीच-बीच में इंडिया गेट में खेलने के लिए चले जाते थे। शेख हसीना 1981 में अपने देश वापस चली गईं पर उनका प्रणब कुमार मुखर्जी के परिवार से गहरा संबंध बना रहा। प्रणब कुमार मुखर्जी और शुभ्रा ने उस रिश्ते को बनाए रखा।



**शेख हसीना के जाते ही ढाका एयरपोर्ट बंद :** शेख हसीना के देश छोड़कर जाते ही बांग्लादेश की राजधानी ढाका का एयरपोर्ट बंद कर दिया गया है। सभी उड़ानों को रद कर दिया गया है। इस सूचना की एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जब हमें सूचना मिलेगी, हम आपको इसकी जानकारी दे देंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि कब यह उड़ानें शुरू होंगी।

# बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था से भड़की हिंसा

- बांग्लादेश में 30 फीसदी नौकरियां 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बच्चों और पौत्र-पौत्रियों के लिए।
- प्रशासनिक जिलों के लिए 10 प्रतिशत, महिलाओं के लिए 10 प्रतिशत, जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए 5 प्रतिशत और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए 1 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रही हैं।
- इस रिजर्वेशन सिस्टम को 2018 में निलंबित कर दिया गया था, जिससे उस समय इसी तरह के विरोध प्रदर्शन रुक गए थे।
- पांच जून 2024 को ढाका हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए आरक्षण की व्यवस्था को फिर से लागू करने का आदेश दिया था।
- बांग्लादेश में स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को दिए गए आरक्षण के विरोध में एक जुलाई से प्रदर्शन की शुरूआत हुई। ओदोलन उग्र होता गया इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे गए।
- आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश टीवी पर एक ब्यान दिया कि आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों को नहीं मिलेगा तो क्या रजाकारों (बांग्लादेश में इस शब्द को 1971 मुक्ति संग्राम में पूर्वी पाकिस्तान का साथ देने वालों के लिए इस्तेमाल किया जाता है) को मिलेगा, इससे आंदोलन और तेज हो गई।
- 22 जुलाई 2024 को बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5% कोटा और एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग को 2% कोटा दिया गया।
- इसके बाद आंदोलन कुछ समय के लिए नरम रुक गया। आंदोलनरत विभिन्न संगठनों के लोग अपने नेताओं की रिहाई की मांग की अनदेखी पर फिर आंदोलन करने लगे।
- रविवार को हुए आंदोलन का विरोध सत्तारूढ़ दल से जुड़े संगठनों ने सड़क पर उतर कर किया। इसमें एक सौ से ज्यादा लोगों के मारे जाने के बाद सोमवार को स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ाना पड़ा।



### अंतरिम सरकार का होगा गठन : सेना प्रमुख वकार



इधर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने घोषणा की कि शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और देश को चलाने के लिए जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। जनरल वाकर-उज-जमान ने नागरिकों से बांग्लादेश की सेना पर भरोसा बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि सुरक्षा बल आने वाले दिनों में देश में शांति सुनिश्चित करेंगे। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से मुलाकात करेंगे। अधिकारियों ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस स्टेशनों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के आवासों पर हमला किया और कई वाहनों को जला दिया।

### विपक्षी खालिदा जिया के बेटे ने हसीना पर कसा तंज

विपक्षी नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने शेख हसीना पर तीखा तंज कसा है। तारिक ने कहा कि शेख हसीना का इस्तीफा लोगों की ताकत का सबूत है। यह आने वाली कई पीढ़ियों के लिए उदाहरण होगा। यह दशार्ता है कि कैसे लोगों का साहस तानाशाही सत्ता को उखाड़कर फेंक सकता है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर बांग्लादेश को एक लोकतांत्रिक देश बनाएंगे।

### भारतीय रेल ने किया बांग्लादेश के लिए सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को पड़ोसी देश जाने वाली सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया। प्रभावित ट्रेनों में कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13109/13110), कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13107/13108), कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस और ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका मिताली एक्सप्रेस शामिल हैं।

## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई चौकसी

**गुवाहाटी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर चौकसी बढ़ा दी है। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधारी भी कोलकाता पहुंच चुके हैं। बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया। स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक भी कोलकाता पहुंच गए। दरअसल, पश्चिम बंगाल के अलावा, असम, मेघालय और त्रिपुरा के दो हजार 500 किलोमीटर की सीमा बांग्लादेश से लगी हैं। यह सीमा कई स्थानों पर अभी भी सीमा खुली हुई है। सीमा पर कई स्थानों पर घनी आबादी है, तो कई स्थानों पर घने जंगल हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न अराजक स्थिति के बीच खुली सीमा का फायदा उठाकर उपद्रवी तत्व भारत में घुसने की आशंका के चलते भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है।

## सरकार की चेतावनी: बांग्लादेश की यात्रा ना करें भारतीय नागरिक

भारत के विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे हिंसा और प्रदर्शन को देखते हुए बांग्लादेश की यात्रा नहीं करें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश के हालात को देखते हुए भारतीय नागरिकों को चेतावनी दी जाती है कि वे अगले नोटिस तक बांग्लादेश की यात्रा नहीं करें। वहीं बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अत्यधिक सतर्कता बरतें और बाहर कम निकलें। साथ ही ढाका में भारतीय उच्चायोग के साथ लगातार संपर्क में बने रहें।

## कोलकाता में बांग्लादेश के हालात का असर हाई कमीशन के सामने बढ़ाई गई सुरक्षा

**कोलकाता।** कोलकाता में स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के कार्यालय के सामने सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय ने हाई कमीशन के सामने पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा किया है। अब, सामान्य दिनों की तुलना में वहां अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। लालबाजार के लगभग 15 से 20 पुलिस अधिकारी हाई कमीशन की सुरक्षा में तैनात हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाई कमीशन के सामने विरोध प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए यह सुरक्षा बढ़ाई गई है।